रोहतक

सोमवार, 21 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 171

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 37.1
न्यून. 24.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com




7 अरुणिमा ने एवरेस्ट समेत पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फहराया तिरंगा

## खबर संक्षेप

### 'डॉन' के निर्देशक चंद्र बरोट का निधन



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन द्वारा अभिनीत एवं 1978 में रिलीज हुई 'डॉन' फिल्म के निर्देशक चंद्र बरोट का रविवार को मुंबई के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। चंद्र बरोट 86 वर्ष के थे। वह 11 वर्षों से फेफड़े से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे। *एजेंसी*

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़



**श्रीनगर।** किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद की आतंकियों की घेरेबंदी की है। सुरक्षाबलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ देर रात तक चलती रही। शुरुआती जानकारी के अनुसार जैश ए मोहम्मद के काफी आतंकियों के इलाके में छिपे होने की आशंका है। *एजेंसी*

### नीट पीजी परीक्षा का एडमिट कार्ड 31 को



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी 2025 परीक्षा के लिए स्लिप 21 जुलाई 2025 से सभी आवेदकों के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर उपलब्ध हो जाएगी, जबकि एडमिट कार्ड 31 जुलाई को जारी किया जाएगा। उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर नोटिस देख सकते हैं। *एजेंसी*

### अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों की संख्या 3 लाख के पार



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या रविवार को तीन लाख के आंकड़े को पार कर गई। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बाबा अमरनाथ जी की कृपा से, पवित्र तीर्थयात्रा आज 3 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। *एजेंसी*

### दिल्ली में तस्करों से 1.9 करोड़ का गांजा जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 1.9 करोड़ रुपये का 411 किलो गांजा जब्त किया है। द्वारका इलाके से तीन कथित मादक पदार्थ तस्करों को जबकि उनके आपूर्तिकर्ता को ओडिशा से पकड़ा। *एजेंसी*

# संसद का मानसून सत्र आज से, सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार

- मानसून सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक
- रीजीजू बोले- संसद चलाना हम सबकी जिम्मेदारी
- विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण, पहलगाम आतंकवादी हमला जैसे मुद्दे उठाए
- डोनाल्ड ट्रंप के 'संघर्षविराम' के दावों पर भी उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक में रविवार को कहा कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर प्रतिक्रिया संबंधी मांग का भी उचित जवाब देगी। सर्वदलीय बैठक में 51 दलों के 54 सदस्यों ने भाग लिया और 40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से राय रखी। सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी पार्टियों की स्थिति और उन मुद्दों को बताया जो वे इस सत्र में लाना चाहते हैं। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण, पहलगाम आतंकवादी हमला और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ''संघर्षविराम'' के दावों सहित विभिन्न मुद्दे उठाए। सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार एवं विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। संसद चलाना सबकी जिम्मेदारी है। रीजीजू ने जोर देकर कहा कि सरकार नियमों एवं परंपराओं के अनुरूप संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।



### मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में डेढ़ घंटे से ज्यादा चली मीटिंग में कई वरिष्ठ मंत्री, एनडीए और विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। संसद सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा और पास करने का काम किया जाएगा।

### सभी मुद्दों पर पीएम खुद जवाब दें : कांग्रेस

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी ट्रंप के दावों, उन ''चूकों'' जिनके कारण पहलगाम हमला हुआ और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बयान दिए जाने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दायित्व है कि वह इन प्रमुख मुद्दों पर संसद में बयान दें।

### ये बिल होंगे पेश

केंद्र सरकार मानसून सत्र में 17 विधेयकों को पेश करने की योजना बना रही है। इनमें देश की भू-विरासत और पुराने अवशेषों की सुरक्षा से जुड़ा एक अहम बिल भी शामिल है। जो विधेयक लाए जाएंगे, उनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष विधेयक, खान और खनिज संशोधन विधेयक, और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) बिल प्रमुख हैं।

### इन मुद्दे पर हंगामा संभव

विपक्ष ने अहमदाबाद विमान हादसे, अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, और परिसीमन जैसे मुद्दों को भी उठाने का फैसला किया है। इसके अलावा, जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर भी चर्चा की संभावना है।कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इन सभी सवालों का जवाब देंगे। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराना हमारा कर्तव्य है।

# 7 वर्षीय मासूम की अपहरण के बाद बेरहमी से की हत्या

## केएमपी एक्सप्रेस वे के पास फेंका शव, शरीर पर मिले चाकू के 12 निशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नूंह

नूंह जिले के तावडू खंड के गांव कलवाड़ी में कुंडली- मानेसर- पलवल एक्सप्रेसवे के किनारे एक 7 वर्षीय बच्चे आशीष की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने रविवार सुबह बच्चे का खून से लथपथ शव देखा, जिसके पास एक चाकू भी बरामद हुआ। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आशीष (7) पुत्र कमल गांव फतेहपुर का निवासी था और शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर बिलासपुर थाने में शिकायत दर्ज की थी। रविवार सुबह कलवाड़ी के ग्रामीणों ने केएमपी के किनारे एक रास्ते पर बच्चे का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे तावडू डीएसपी अभिमन्यु और मोहम्मदपुर अहीर थाना प्रभारी शीशराम ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आशीष का परिवार मूल रूप से अलवर (राजस्थान) का रहने वाला है और फतेहपुर में किराए पर रहता है।

### राजस्थान के अलवर का परिवार, फतेहपुर गांव में किराए पर रह रहा, पति-पत्नी दोनों करते हैं नौकरी



बच्चों के साथ खेलते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था आशीष

**राहगीरों ने सुबह शव मिलने पर पुलिस को सूचना दी**

शव के पास से ही तेजधार चाकू बरामद

### पिता के पास से हुआ लापता

बीते शनिवार की सुबह पत्नी बेटे आशीष को कमल के पास छोड़कर नौकरी पर गई थीं। इसके बाद जब शाम को वह घर लौटीं तो देखा कि आशीष घर पर नहीं था। करीब दो घंटे तक माता-पिता बच्चे की तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला।

### पड़ोसी पर हत्या का आरोप

आशीष के परिवार ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें पड़ोस के लड़के पर हत्या करने का आरोप लगाया। पिता कमल ने बिताया कि दो महीने पहले उसका मोबाइल चोरी हो गया था। तब बेटे ने इसी लड़के पर शक जताया था कि उसने आपका मोबाइल चोरी किया है। इस बात को लेकर ही लड़का उसके बेटे से रंजिश रख रहा था। आरोपी लड़के ने ही मर्डर किया है।

### निजी कंपनी में काम करता है दंपति

जानकारी के मुताबिक, आशीष के पिता का नाम कमल है, जो गांव फतेहपुर में अमर सिंह के मकान में किराए पर रहते हैं। कमल के मुताबिक, उसके परिवार में बेटे आशीष के अलावा पत्नी माया और एक छोटी बेटी है। वह और उसकी पत्नी दोनों प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। बच्चों की देखभाल के चलते पत्नी दिन की शिफ्ट में, जबकि वह नाइट शिफ्ट में काम करता है।

### नूंह में रिश्ते तार-तार



## 20 रुपये नहीं देने पर कुल्हाड़ी से काटकर बेटे ने की मां की हत्या

**नूंह।** कलयुगी बेटे ने 20 रुपये के लिए अपनी मां की हत्या कर दी। युवक नशे का आदी है। उसने रात में मां से 20 रुपये मांगे थे। मृतका की पहचान जयसिंहपुर गांव निवासी रजिया के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार-रविवार की रात गांव जयसिंहपुर से ढेंकली रास्ते पर तालाब के पास हुई। रात करीब 12 बजे, जब रजिया सोई थी, जमशेद ने उनके रखे रुपये चुराने की कोशिश की। जागने पर रजिया ने इसका विरोध किया, जिसके बाद गुस्साए जमशेद ने पहले उन पर ईंट से हमला किया। रजिया लड़खड़ा कर गिर गईं और शोर मचाया। जब तक लोग मदद के लिए आते तब तक जमशेद ने कुल्हाड़ी से अपनी मां के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ हो गईं और उनकी मौत हो गई। मां की हत्या के बाद भी नशेड़ी बेटा चादर तानकर वहीं लेट गया। पुलिस ने आरोपी जमशेद को हिरासत में ले लिया।

**युवक नशे का आदी, वारदात के बाद घर में ही सोया**

**भाई बोला, जो मां का नहीं हुआ वह किसी का नहीं**

### एएसआई को गला घोंटकर मार डाला

# सीआरपीएफ जवान ने की लिव-इन पार्टनर की हत्या

एजेंसी ▸▸| कच्छ

गुजरात के कच्छ जिले में सीआरपीएफ के एक कॉन्स्टेबल ने लिव-इन पार्टनर महिला एएसआई की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसी थाने में सरेंडर किया, जहां उसकी प्रेमिका तैनात थी। इसी के बाद इस चौंकाने वाले मामले का खुलासा हुआ। आरोपी ने ही पुलिस को बताया कि उसने इसी थाने में तैनात एएसआई की हत्या कर दी है। अंजार पुलिस स्टेशन से जानकारी के मुताबिक, इसी थाने में तैनात एएसआई अरुणाबेन जादव (25) की दिलीप डांगचिया ने गला घोंटकर हत्या कर दी। दिलीप ने बताया कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान गुस्से में आकर उसने अरुणा का गला दबा दिया।

### सुबह उसी थाने में किया सरेंडर, जहां थी तैनात

### मणिपुर में तैनात है आरोपी

अंजार पुलिस थाने के पीआई एआर गोहिल ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि अरुणाबेन और दिलीप लंबे समय से रिलेशन में थे और जल्द ही शादी करने वाले थे। दोनों साथ ही रहते थे। वारदात के दौरान आरोपी मणिपुर से छुट्टी लेकर कच्छ आया हुआ था।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

पीआई एआर गोहिल ने आगे कहा कि महिला पुलिसकर्मी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी दिलीप को आगे की पूछताछ और जांच के लिए हिरासत में लिया गया है। प्रेम प्रसंग में हुई इस हत्या के पीछे की असली वजह जानने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### गांव से ही एक-दूसरे को जानते थे

मृतक अरुणा जादव मूल रूप से सुरेंद्रनगर के देरवाड़ा की रहने वाली थी और अंजार के गंगोत्री सोसाइटी-2 में रहती थी। वहीं, दिलीप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत है और मणिपुर में तैनात था। दिलीप अरुणा के पड़ोस के एक गांव का रहने वाला है। इसीलिए दोनों की पुरानी पहचान थी।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गई थी

## घोड़े से गिरकर घायल हुईं पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री लेखी

**पिथौरागढ़ (एजेंसी)।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी तिब्बत के दारचिन में घोड़े से गिरकर घायल हो गईं। उनकी कमर में गंभीर चोट आई है। उन्हें रेस्क्यू कर वापस भारत लाया जाएगा। धारचूला के नाभिढांग से उन्हें हेलीकॉप्टर से देहरादून पहुंचाने की योजना है इसकी तैयारी पिथौरागढ़ प्रशासन ने पूरी कर ली है। ऐसे में साफ है कि अब वह कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी नहीं कर सकेंगी। शनिवार को यात्री तिब्बत के दारचिन में पहुंचे थे और मीनाक्षी लेखी घोड़े पर सवार थीं। इसी बीच वह घोड़े से गिर गईं। जमीन पर गिरने से उनकी कमर में गंभीर चोट आ गई। उन्हें यात्रा मार्ग पर संचालित अस्पताल ले जाया गया।



रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी

### केरल हाईकोर्ट की नई गाइडलाइन

## एआई से फैसला नहीं ले सकेंगे जज! नियम तोड़ा तो कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत किसी भी हालत में एआई टूल्स का इस्तेमाल न्यायिक फैसले या कानूनी विश्लेषण के लिए नहीं होगा। एआई टूल्स का इस्तेमाल केवल सहायक उपकरण के तौर पर ही किया जा सकता है, न कि किसी फैसले या कानूनी राय के लिए। कोर्ट के मुताबिक यह देश की पहली ऐसी नीति है जो न्यायिक प्रक्रिया में एआई के दायरे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती है। इसमें कहा गया है कि एआई का अंधाधुंध उपयोग गोपनीयता के उल्लंघन, डेटा सुरक्षा जोखिम और न्यायिक प्रणाली में विश्वास की कमी जैसे गंभीर परिणाम ला सकता है।



यह देश की पहली नीति

## डिजिटल लेन-देन में रिकॉर्ड और गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर

### यूपीआई में ग्लोबल लीडर बना भारत 24 लाख करोड़ का हुआ लेनदेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते महीने सालाना आधार पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। भारत त्वरित भुगतान में दुनिया में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। यूपीआई से अकेले जून माह में 24.03 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन 18.39 अरब ट्रांजैक्शन के माध्यम से हुआ है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए नोट में यह जानकारी दी गई। पिछले साल जून में यूपीआई लेनदेन की संख्या 13.88 अरब थी। आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत और दुनिया भर में सभी रियल टाइम डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है।





### अब सभी को एक समान रेट पर मिलेगी पाइपलाइन से गैस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैस पाइप का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ता के लिए राहत की खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पाइप से मिलने वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत हर उपभोक्ता के लिए एक समान रखें, चाहे वह कितना भी गैस इस्तेमाल करे। सरकार शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर पीएनजी आवंटित करती है, ताकि वे इसे घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस के रूप में बेच सकें। इसकी कीमत बाजार से कम होती है। यह सब्सिडी वाली गैस खास तौर पर घरेलू इस्तेमाल के लिए होती है ताकि आम लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिल सके। लेकिन पीएनजीआरबी ने पाया कि कुछ कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं पर टेलिस्कोपिक कीमतें लागू कर रही हैं।



### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर का बड़ा बयान

## राष्ट्र संकट में हो तो पार्टी हितों को छोड़कर देशहित और सुरक्षा सर्वोपरि

सांसद देश को बनाने का जरिया

**कोच्चि (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा कि उनके लिए 'देश पहले है, पार्टी बाद में।' उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का जरिया होते हैं और सभी पार्टियों को उस मकसद तक पहुंचने के अपने-अपने तरीके अपनाने का हक है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर कोच्चि में शांति, सौहार्द और राष्ट्रीय विकास विषय पर एक निजी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**'मेरे लिए देश पहले, पार्टी बाद में'**

### देश के प्रति निष्ठा होनी चाहिए



थरूर ने कहा कि आपकी पहली निष्ठा किसके प्रति होनी चाहिए? मेरे हिसाब से देश के प्रति। राजनीतिक दल देश को बेहतर बनाने का एक माध्यम होते हैं। सभी पार्टियों का एक ही उद्देश्य होता है, देश को आगे ले जाना, भले ही तरीका अलग हो। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाल ही में सीमा से जुड़े मुद्दों और सशस्त्र बलों के मामलों में सरकार और फौज का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बात पर कायम रहूंगा।

### राष्ट्र हित में सभी दल साथ आएं

थरूर ने कहा कि राजनीति एक तरह की स्पर्धा है। हम अपने दलों की विचारधाराओं और मूल्यों का सम्मान करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर पार्टियों को मिलकर काम करना चाहिए।

### एक याचिका की सुनवाई पर मद्रास उच्च न्यायालय की टिप्पणी

## ईडी ड्रोन नहीं है जो आपराधिक गतिविधि देखते ही हमला कर दे

**चेन्नई (भाषा)।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ईडी कोई ड्रोन नहीं है जो अपनी इच्छा से हमला कर दे और न ही वह कोई सुपर कॉप है जो उसके संज्ञान में आने वाली हर चीज की जांच करे। न्यायमूर्ति एम. एस. रमेश और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ ने शहर में स्थित आरकेएम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। आरकेएम ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले में उसकी 901 करोड़ रुपये की सावधि जमा जब्त करने को चुनौती दी है। ईडी ने छत्तीसगढ़ में एक बिजली संयंत्र के लिए कोयला ब्लॉक आवंटन को लेकर 2014 में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी के आधार पर यह कार्रवाई की थी।

### 901 करोड़ रुपये की सावधि जमा जब्त करने को दी है चुनौती

धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज हुआ है मामला



### ईडी को उचित एजेंसी को सूचित करना चाहिए

पीठ ने कहा कि पीएमएलए की धारा 66(2) का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने से पता चलता है कि यदि जांच के दौरान ईडी को कानून के अन्य प्रावधानों के उल्लंघन का पता चलता है, तो वह उन अपराधों की जांच नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि ईडी को उचित एजेंसी को सूचित करना होता है, जिसे उस अपराध की जांच करने का कानूनी अधिकार हो। पीठ ने कहा कि अगर वह एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सूचना मिलने पर, जांच शुरू करती है और शिकायत दर्ज करती है, तो निश्चित रूप से प्रवर्तन निदेशालय उन पहलुओं की भी जांच कर सकता है, बशर्ते कि अपराध से आय अर्जित हुई हो।

### कंपनी ने उक्त आदेश को चुनौती दी

साल 2023 में, सीबीआई ने एक पूरक अंतिम रिपोर्ट दायर की, जिसमें पाया गया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अभियोजन के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। बाद में, ईडी ने आरकेएमपी से जुड़े निदेशकों और होल्डिंग कंपनियों के परिसरों की तलाशी ली। 31 जनवरी, 2025 को एक जब्ती आदेश पारित किया गया, जिसके तहत ईडी ने 901 करोड़ रुपये की सावधि जमा राशि को जब्त कर लिया। कंपनी ने उक्त आदेश को चुनौती दी और अदालत ने उसे रद्द कर दिया।

## खबर संक्षेप



### नायब सैनी ने उत्तराखंड के सीएम से मुलाकात की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से देहरादून में उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सैनी ने हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं सांझा की और बताया कि पिछले 11 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से लोगों के जीवन स्तर में काफी परिवर्तन आया है। सरकार की इन्ही नीतियों की बदौलत तीसरी बार नॉन -स्टॉप सरकार बनी है। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का देहरादून पहुंचने पर स्वागत किया।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 31 जुलाई तक

**पंचकूला।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए।

### गृह मंत्री के तौर पर सैनी पूरी तरह फेल : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। रविवार को पूर्व डिप्टी सीएम रोहतक स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिनों में अपराध की 11 बड़ी वारदातें प्रदेश के अलग-अलग कोने में हुई है, जो दर्शाती है कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। दुष्यंत ने कहा कि बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है और पुलिस का कोई कंट्रोल नहीं है। उन्होंने कहा कि बदहाल कानून व्यवस्था के विषय को लेकर जेजेपी जल्द महामहिम राज्यपाल से मिलेगी और मुख्यमंत्री सैनी बतौर गृह मंत्री फेल साबित हुए हैं इसलिए महामहिम हरियाणा की कानून व्यवस्था को संभालें या केंद्र सरकार से सुझाव लेकर कदम उठाएं।

### बाल संस्कार केंद्र में सेवा दर्शन कार्यक्रम किया

**चंडीगढ़।** सेवा भारती द्वारा फरीदाबाद महानगर पूर्व में संचालित सेवा केंद्र में सेवा दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद के पत्रकारों ने केंद्र का भ्रमण कर प्रकल्प की पूर्ण जानकारी प्राप्त की। जिसमें बाल संस्कार केंद्र के 40 से अधिक बालक-बालिकाएं शामिल रहे। जिन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत सामूहिक गीत, एकल गीत, मंत्रोच्चारण की मनोहर प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। सेक्टर-32 के राजीव नगर की गली नंबर तीन स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सेवा भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र एवं राजमाता अहिल्याबाई होलकर समर्थ किशोरी केंद्र में वार्षिक सेवा दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### फाउंडेशन में 1000 पौधे का लंगर लगाया

**चंडीगढ़।** विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से मनीमाजरा में बाबा गार्मेंट्स के सामने 1000 पौधों का लंगर लगाया गया। इनमें 9 तरह की किसम के पौधे बांटे गए जिसमें की बेल, आम, आंवला, इमली, जामुन, सहजन, चमेली, गुलमोहर व जंगली नीम थे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा मिल सके। इस पौधा वितरण काफी संख्या में विश्वास फाउंडेशन के अनुयायी मौजूद रहे।

## सीएम सैनी ने पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को धन्यवाद कार्यक्रम में किया सम्बोधित

# तीसरी बार नॉन-स्टॉप सरकार बनाई, काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य के लोगों ने प्रदेश में तीसरी बार नॉन-स्टॉप सरकार बनाई है, काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सीएम ने बार बार डमी सीएम कहने पर विपक्ष को जमकर घेरा। विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर उनको जवाब दें। मुख्यमंत्री आज यहां संत कबीर कुटीर में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। ये लोग पिछड़ा वर्ग के लिए सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने आए थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पिछड़ा वर्ग के बैकलॉग को योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने का बहाना बनाकर खाली छोड़ दिया जाता था जबकि वर्तमान सरकार ने पिछड़ा वर्ग से प्रोफेसर, डॉक्टर, इंजीनियर तक भर्ती करके दिखा दिया है कि इस वर्ग के लोग हमेशा से ही योग्य रहे हैं, लेकिन पहले की सरकारों की नियत सही नहीं थी। पिछड़ा वर्ग द्वारा उनको सम्मान के तौर पर पगड़ी पहनाये जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पगड़ी के मान -सम्मान को हमेशा ऊंचा रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय-समय पर गाइडेंस लेते रहते हैं और पूरे प्रदेश में एक समान विकास करवाने की नियत रखते हैं। इस अवसर पर धन्यवाद कार्यक्रम को मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, पूर्व मेयर मदन चौहान, जवाहर सैनी ने भी सम्बोधित किया। कर्यक्रम में सतबीर वर्मा, देवेंद्र पांचाल, यशपाल, जय सिंह पॉल, श्री श्यामलाल जांगड़ा, रामचंद्र कम्बोज, पूनम सैनी मौजूद रहे।





#### नायब सैनी बोले

### नौकरी का माहौल बदल रहे मेरिट के आधार पर भर्ती की

नायब सिंह सैनी ने यह भी कहा कि वे राज्य में पढाई और नौकरी का माहौल बदल रहे हैं, मेरिट के आधार पर भर्ती की जा रही है। सिस्टम को बदल रहे हैं। उन्होंने 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी की परीक्षा के प्रबंधों की जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के लिए घर से परीक्षा केंद्र तक लाने और वापस ले जाने के लिए बसों का निःशुल्क प्रबंध किया जा रहा है। लड़कियों के साथ घर के एक सदस्य को भी जाने की अनुमति दी गई है।

#### मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा

### पिछड़ा वर्ग के साथ पूर्व की सरकारों में भेदभाव हुआ

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के मेहनतकश लोग हैं, इनमें कोई न कोई हुनर है। इस वर्ग के लोगों के साथ पूर्व की सरकारों में भेदभाव होता रहा है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार वंचितों और पिछड़ा वर्ग के लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं चला रही है और लोग लाभ भी उठा रहे हैं। रणबीर गंगवा ने केंद्र सरकार की तर्ज पर क्रीमी लेयर की आय सीमा 6 लाख से बढाकर 8 लाख करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

#### सांसद रामचंद्र जांगड़ा बोले

### वर्तमान सरकार अंत्योदय की नीतियों पर चल रही

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्यमंत्री आवास पर पिछड़ा वर्ग के लोगों की भारी संख्या को महाकुंभ बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से खुश होकर पिछड़ा वर्ग के लोग महापुरुषों की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भी महाकुम्भ की तरह उमड़ पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की नीतियों पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान करने में लगी हुई है।

#### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोले

## सरकार ने जानबूझकर खड़ा किया खाद का संकट, किसान परेशान



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी सरकार पर जानबूझकर खाद संकट पैदा करने का आरोप लगाया है। बीजेपी सरकार के 31 जुलाई से पोर्टल पर खाद मिलेगी बयान पर प्रतिकिया में कहा 10 से 15 दिन ही और किसान को इस सीजन में खाद की जरूरत है समय बीतने के बाद खाद मिलने का किसान को क्या फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में आज किसान यूरिया और डीएपी के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। प्रदेश और केंद्र दोनों जगह डबल इंजिन की बीजेपी की सरकार होने के बावजूद अब तक केंद्र से हरियाणा के हिस्से की आधी खाद ही मिल पाई है। करीब 50 फ़ीसदी खाद आना अभी भी बाकी है। केंद्र ने इस फसली सीजन के लिए हरियाणा को यूरिया का कुल 13.90 लाख मिट्रिक टन कोटा तय किया है। लेकिन अभी तक सिर्फ 7.5 लाख मैट्रिक टन ही मिल पाया है। इसी तरह 59,950 मिट्रिक टन डीएपी में से सिर्फ 30,000 मिट्रिक टन डीएपी ही मिली है। यानी डबल इंजन सरकार किसानों को परेशान करने में लगी है। किसान कई-कई दिनों से कतारों में खाद के लिए इंतजार कर रहे हैं।

#### सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार को घेरा

## गरीब की रसोई में सरसों के तेल को लेकर गुमराह कर रही भाजपा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीपीएल परिवारों का मजाक बनाकर रख दिया है, जबरन आय बढ़ाकर खुद ही बीपीएल कार्ड काट दिए जाते है या इस कार्ड पर मिलने वाली सुविधाओं में या तो कटौती कर दी जाती है या उनके रेट बढ़ा दिए जाते है। बीपीएल कार्ड पर मिलने वाले सरसों के तेल के दाम को लेकर सरकार जनता को गुमराह कर रही है। अधिकारी सभी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों को पत्र लिखकर निर्देश देते है कि इस कार्ड पर अब दो लीटर सरसों तेल के दाम सौ रुपये ही वसूली जाएंगे जबकि खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री कहते है कि अगर एक लीटर सरसों के तेल लोगे तो 30 रुपये दो लीटर के सौ रुपये ही लिये जाएंगे यानि 30 रुपये में एक लीटर तेल लेने वाले को एक लीटर तेल छोड़ना ही होगा।

## सीएम सैनी ने देहरादून से रज्यसभा सांसद नरेश बंसल की माता के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देहरादून से भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष नरेश बंसल की माता 92 वर्षीय स्वर्गीय परमेश्वरी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान देहरादून पहुंचकर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी 1 उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा की मैं परमपिता परमात्मा से यही कामना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस मौके पर हरियाणा के राज्यसभा सांसद श्री रामचंद्र जांगडा के अलावा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका : सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। अब प्रदेश के अंदर गैंग ऑफ वासेपुर माफिया लैंड बना दिया गया है।

चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने जमकर भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हरियाणा हरि की भूमि है और हरियाणा किसान और फौजी जवान की भूमि है। हरियाणा पहलवान और नौजवान की भूमि है। भाजपा ने भगवद्गीता की धरती को बनाया माफिया लैंड' बनाकर छोड़ा है। सुरजेवाला ने कहा 11 वर्ष पहले, हरियाणा में भाजपा के सत्ता में आने से पहले अखबारों में हेडलाइंस होती थीं, खिलाड़ियों के मेडल जीतने की, अब क्राइम की खबरें आती हैं।

### हरियाणा में कानून व्यवस्था मजबूत अपराधों में आई उल्लेखनीय कमी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार जीरो टॉलरेंस फॉर क्राइम की नीति पर काम करते हुए प्रदेश में कानून व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए सार्थक कदम उठा रही है। पिछले वर्षों की तुलना में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

प्रदेश में साइबर क्राइम पर नियंत्रण, नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई और गैंगस्टरों पर कार्रवाई की जा रही है। सरकारी प्रवक्ता ने विपक्ष द्वारा अपराध दर को लेकर दिए गए बयानों को तथ्यहीन बताते हुए कहा कि उनके द्वारा जनता में भय का माहौल पैदा करने और गुमराह करने का काम किया जा रहा है। विपक्ष के नेता पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2004 से 2014 तथा 2014 से 2024 के जारी किए गए तथ्यात्मक आंकड़े देख लेते तो शायद वे इस तरह की बयानबाजी न करते।

## प्रदेश में दो आईएएस और 44 एचसीएस अधिकारियों को बदला सीएम की घोषणाओं को मॉनिटर करेंगे ओएसडी

### सीएमओ में ओएसडी के लिए नया पद बनाया, एचसीएस नरेंद्र पाल मलिक को जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सरकार ने रविवार को एक आदेश जारी कर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेशों के अनुसार राज्य में दो आईएएस तथा 44 एचसीएस अधिकारियों को बदला गया है। जारी आदेशों के अनुसार आईएएस दीपक बाबूलाल करवा को वर्तमान कार्यभार के साथ-साथ जिला नगर आयुक्त कैथल, आईएएस निशा को वर्तमान कार्यभार के साथ ही पंचकूला जिला परिषद की सीईओ के पद पर तैनात किया गया है। एचसीएस सुशील कुमार को नगर आयुक्त झज्जर लगाया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा की जाने वाली घोषणाओं को समय पर लागू करवाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही है। अब हरियाणा सरकार ने सीएमओ में एक नए पद का सृजन कर दिया है। जारी की सूची के अनुसार एचसीएस अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक को सीएम का ओएसडी मॉनिटरिंग ऑफ सीएम एनाउसमेंट लगाया गया है।

#### अजय चोपड़ा होंगे लोहारू के एसडीएम

एचसीएस पूजा चावरिया को अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण विकास विभाग, अजय चोपड़ा को एसडीएम लोहारू, गौरव कुमार को सेकेंडरी शिक्षा विभाग में अतिरिक्त निदेशक, एकता चोपड़ा को एडिशनल सीईओ फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटिन विकास अथारिटी, एचसीएस ममता को हरियाणा पर्यटन विकास निगम की महाप्रबंधक, प्रदीप अहलावत को अतिरिक्त निदेश टाउन एंड कंट्री प्लाङ्घनग, जितेंद्र कुमार-टू को अतिरिक्त निदेशक हिपा गुरुग्राम, सुमित कुमार को सीईओ जिला परिषद गुरुग्राम, विजय सिंह को संयुक्त निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं शोध विभाग, भूपेंद्र सिंह को संयुक्त निदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग, राजीव प्रसाद को सचिव हरियाणा विधानसभा, सुरेंद्र सिंह-3 को जोनल प्रशासक एचएसएएमबी हिसार, अदिति को एमडी शुगर मिल करनाल, सोनू राम को विजिलेंस विभाग में डिप्टी सैक्टरी, राहुल मित्तल को महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज हिसार में तैनात किया गया है।

#### रणबीर सिंह महेंद्रगढ़ के निगम आयुक्त

इसी प्रकार एचसीएस प्रीतपाल सिंह मोठसरा को गुरुग्राम नगर निगम में संयुक्त आयुक्त, मनोज कुमार-1 को एसडीएम बावल, मनोज कुमार-2 को सीईओ जिला परिषद भिवानी, सुरेश कुमार को एसडीएम रेवाड़ी, सुरिंदर सिंह को एसडीएम रतिया, उदय सिंह को सीईओ जिला परिषद महेंद्रगढ़, रणबीर सिंह को जिला निगम आयुक्त महेंद्रगढ़, संदीप कुमार को एमडी शुगर मिल पानीपत, दिलबाग सिंह संयुक्त निदेशक स्टेट ट्रांसपोर्ट, जितेंद्र जोशी को संयुक्त आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद, अमित कुमार-2 को सीईओ जिला परिषद करनाल, रविंद्र मलिक को संयुक्त आयुक्त नगर निगम गुरुग्राम, अमित मान को जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी गुरुग्राम, दिवीजा एचसीएस को एमडी शुगर मिल पलवल लगाया गया है।

#### नमिता कुमार झज्जर सीटीएम

मंगल सेन को सीटी मैजिस्ट्रेट महेंद्रगढ़, देवेंद्र शर्मा को एस्टेट ऑफिसर एचएसवीपी पानीपत, नमिता कुमार को सीटीएम झज्जर, आशीष देशवाल को संयुक्त निदेशक अर्बन लोकल बॉडी, एचसीएस लोकेश को संयुक्त आयुक्त नगर निगम मानेसर, विश्वनाथ को एसडीएम जगाधरी, प्रीती रावत को सीटी मजिस्ट्रेट चरखी दादरी, मनजीत कुमार को जीएम रोडवेज नूंह, हिमांशु चौहान को सिटी मैजिस्ट्रेट नूंह, मोनिका रानी को सिटी मैजिस्ट्रेट जींद, आशीष कुमार को सिटी मैजिस्ट्रेट कुरुक्षेत्र तथा जितेंद्र कुमार को सिटी मैजिस्ट्रेट रेवाड़ी लगाया है।

## नगर निगमों में चुनावी बिगुल को लेकर मंथन शुरू

# नए वर्ष में होंगे पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में निगम चुनाव, तैयारी अभी से, फील्ड में उतरे नेता

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश के तीन नगर निगमों में आने वाले नूतन वर्ष के दौरान निगम चुनाव की तैयारी है। इनमें से दो सोनीपत और अंबाला सीटों से मेयर प्रदेश की बड़ी पंचायत अर्थात विधानसभा चुनाव लड़कर विधायक बन चुके हैं। इसलिए यहां इन सीटों पर उपचुनाव कराना पड़ा था। जबकि पंचकूला मेयर का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। इस प्रकार से अब चुनावी माहौल और आने वाले समय को देखते हुए नेताजी जनता को नमस्कार करने और उनके छोटे-मोटे काम कराने के लिए फील्ड में नाराजगी दूर करने की मुहिम चला रहे हैं।जिला उपायुक्त संभाल रहे कमान

जिन जिलों में नगर निगम और नगर परिषद नगर पालिका के चुनाव संभावित हैं, वहां के जिला उपायुक्त इस दिशा में तमाम तकनीकी दिक्कतों को दूर करने में लगे हुए हैं। खास बात यह है कि जब तक ग्राउंड पर काम पूरा नहीं होगा तब तक चुनाव की तारीखों का एलान राज्य चुनाव आयुक्त नहीं करेंगे। हरियाणा में नगर परिषद की बात करें, तो रेवाड़ी नगर परिषद का चुनाव भी जनवरी में प्रस्तावित है। इसके अलावा नगर पालिकाओं में सिरसा जिले की कालांवाली और रोहतक की संपला जबकि हिसार उकलाना और धारूहेड़ा में पूर्ण हो चुका है। यहां भी राज्य निर्वाचन आयुक्त टीम के साथ मंथन में लगे हुए हैं।

#### पंचकूला

### मेयर की समय सीमा दिसंबर में समाप्त होगी

इस क्रम में बात छोटी राजधानी पंचकूला की करें तो पंचकूला नगर निगम में मेयर प्रसिद्ध व्यापारी कुलभूषण गोयल हैं। कुलभूषण गोयल हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता के हार जाने के बाद अकेले मैदान में उतरे हुए हैं। पंचकूला विधायक और पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता के वक्त में अधिकांश जिम्मेदारी और टेंशन खुद गुप्ता लिया करते थे, लेकिन अब कुल भूषण गोयल चुनावी माहौल को देखते हुए फील्ड में निकल पड़े हैं। पंचकूला निगम के मेयर की समय सीमा दिसंबर में समाप्त हो रही है, इसलिए जनवरी में चुनाव प्रस्तावित हैं।

#### सोनीपत

### फील्ड के खिलाड़ी राजीव जैन संभाल रहे मोर्चा

इसके अलावा सोनीपत नगर निगम हमेशा सुर्खियों में रहने वाला नगर निगम है और यहां पर इस समय भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया एडवाइजर राजीव जैन इन दोनों मेयर का जम्मा बखूबी संभाल रहे हैं। मृदु भाषी और सामाजिक व्यक्ति राजीव जैन हमेशा फील्ड के खिलाड़ी रहे हैं। उनकी धर्मपत्नी कविता जैन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कैबिनेट में मंत्री रह चुकी हैं, लेकिन इस बार चुनाव हार जाने के बाद कविता जैन पार्टी संगठन के लिए काम कर रही हैं। सोनीपत मेयर विधानसभा का चुनाव लड़े और जीतकर हरियाणा विधानसभा में पहुंच चुके हैं।

#### अंबाला

### यहां मेयर की सीट पर भाजपा का दबदबा

अंबाला शहर नगर निगम भी प्रदेश की प्रमुख सीट रही है, क्योंकि यहां पर पूर्व मंत्री विनोद शर्मा की धर्मपत्नी शक्ति रानी शर्मा नगर निगम की मेयर रह चुकी हैं। एक दौर में कांग्रेस के अच्छे खासे नेता और मंत्री रह चुके विनोद शर्मा का पूरा परिवार भाजपा में शामिल होकर कमल का फूल थम चुका है। शक्ति रानी नगर निगम अंबाला को छोड़कर कालका सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंच चुकी हैं। इस कारण से अंबाला शहर नगर निगम मेयर का पद खाली हो गया था। हालांकि अंबाला नगर निगम में भी भाजपा का दबदबा कायम है।

### नई ग्राम पंचायत को भी इंतजार

जहां पुराने गांव शहरीकरण के कारण शहरों में शामिल होते जा रहे हैं, अर्थात नगर निगम नगर, नगर पालिका, नगर परिषद में शामिल होने के बाद काफी गांवों ने अपना अस्तित्व समाप्त कर लिया है लेकिन कुछ गांव को ग्राम पंचायत का नया गठन कर जनप्रतिनिधि चुनकर फैसले लेने का अधिकार दिया जा चुका है लेकिन इन क्षेत्रों के ग्रामीण को अपने जनप्रतिनिधियों का इंतजार है। उदाहरण के तौर पर कैथल जिले में नई ग्राम पंचायत में पोलर और गोविंदपुर में औपचारिकताएं पूरी होने पर चुनाव संभावित हैं। आदमपुर ब्लॉक में जवाहर नगर मंडी आदमपुर में भी चुनाव को लेकर मंथन चल रहा है।

## फरीदाबाद में दो वर्षों में भूमिगत होंगे बिजली के तार : कृष्णपाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

फरीदाबाद के बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज सेक्टर-45 और 46 में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नंबर 20 के अंतर्गत आने वाले दस पार्कों के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार फरीदाबाद में निरंतरविकास कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि फरीदाबाद को बिजली की तारों के जाल से मुक्ति दिलाने के लिए केंद्र सरकार से 2800 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसके टेंडर भी लगाए जा चुके हैं, जोकि जल्द खुल जाएंगे। आने वाले डेढ़ से दो वर्षों में शहर की सभी बिजली की तारों को भूमिगत किया जाएगा।



## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किए जा रहे विकास कार्य : बेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिनका समाज के सभी वर्गों को बराबर फायदा मिल रहा है। नरवाना के प्रत्येक नागरिक को चिकित्सा, शिक्षा और सुरक्षा सहित प्रत्येक सुविधा का लाभ मिले, उसके लिए वे प्रयासरत हैं। बेदी ने शनिवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सच्चा खेड़ा में दौरे के दौरान विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने शनिवार सच्चा खेड़ा में 5 करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों की घोषणा करते हुए कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।



## खबर संक्षेप

### नशा तस्करों से 8.870 किलो चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे सतीश चंद व दीपक कुमार वासीयान पटियाला पंजाब को काबू करके उनके कब्जे से 8 किलो 870 ग्राम चूरापोस्त/डोडापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### ओएलएक्स पर रेफ्रिजरेटर खरीदने के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में रेफ्रिजरेटर खरीदने के नाम पर जालसाज ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 4,82,500 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सेक्टर-10ए निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर सुशांत ने बताया कि उन्होंने रेफ्रिजरेटर बेचने के लिए ओएलएक्स पर जानकारी डाली थी। एक व्यक्ति ने रेफ्रिजरेटर खरीदने में रूचि दिखाते हुए सुशांत को कॉल की थी और व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड भेजकर एक रुपया भेजने के लिए कहा। हालांकि सुशांत ने क्यूआर कोड पर रुपया भेजने से मना कर दिया था। कॉल करने वाले सुशांत को एक रुपया, दो रुपये और 500 रुपये भेजने के लिए कहते हुए रुपये वापस करने की बात कही।

### डिजिटल अरेस्ट कर व्यक्ति से ठगे छह लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने जगाधरी के लोहारन मोहल्ला निवासी धर्मपाल को डिजिटल अरेस्ट करके छह लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी के 82 वर्षीय बुजुर्ग धर्मपाल ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जुलाई को दोपहर तीन बजे उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई के कोलाबा थाने का अफसर बताया। यह ग्रुप कॉल थी। कॉल करने वालों ने कहा कि उनका सेविंग अकाउंट मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल है। जिससे वह घबरा गया। ठगों ने उन्हें डिजिटल रूप से गिरफ्तार कर लिया। आठ जुलाई दोपहर तक उन्हें कोर्ट कार्रवाई में उलझाए रखा।

# घटिया किस्म का बीज देने से आहत किसानों ने धान की खड़ी फसल में चलाया ट्रैक्टर

**प्रति एकड़ 15 हजार रुपये के हिसाब से लाखों का नुकसान** **एसडीओ ने कहा- जांच कराएंगे**

- कृषि विभाग को शिकायत की गई, लेकिन नहीं हुई सुनवाई
- अधिकारियों ने कहा, बीज में कोई समस्या नही, धान को ज्यादा गहराई में लगा दिया



जींद। धान की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव सच्चाखेड़ा में किसानों ने लगभग 15 एकड़ धान की खड़ी फसल में ट्रैक्टर चला कर उसे नष्ट करने का काम किया। किसानों का आरोप है कि उन्हें घटिया किस्म का बीज दिया गया था। इसके कारण धान की ग्रोथ नहीं हुई और मजबूरी में उन्हें फसल को नष्ट करना पड़ा। पहले बीज खरीद, पौध, फिर रोपाई और स्प्रे पर प्रति एक 15 हजार रुपये के हिसाब से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। कृषि विभाग को इसकी शिकायत की गई तो विभाग के अधिकारियों ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि बीज में कोई समस्या नहीं है। धान को ज्यादा गहराई में लगा दिया है। जिसके कारण धान की फसल में बढ़ोत्तरी नही हुई। नरवाना क्षेत्र के सच्चा खेड़ा गांव के किसान बबलू, तेजवीर, रामभगत, राजेश, सुरेश ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग दुकानों से एक ही कंपनी का बीज खरीदा था। उसके बाद उनके द्वारा पौध तैयार कर उसको मजदूरों से खेतों में लगवा दिया था। परंतु समय के साथ धान की फसल की बढ़ोतरी नहीं हुई। जिससे उनको शक हुआ कि धान के बीज में कोई समस्या है और इसकी शिकायत कृष विभाग के अधिकारियों की लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। मजबूरी में उन्हें धान की खड़ी फसल में ट्रैक्टर चला कर इसको नष्ट करना पड़ा ताकि दोबारा से धान की पौध लगा सकें। करीब 15 एकड़ फसल को नष्ट किया गया है। अब उनके सामने यह समस्या हो गई है कि अब पौध भी नहीं मिल रही है। वहीं, एसडीओ ने कहा- पूरे मामले में जांच कराएंगे।

### 200- 250 एकड़ में धान के बीज के कारण समस्या आई

किसानों ने बताया कि पहले एक हजार रुपये प्रति थैली धान का बीज खरीदा था। उसके बाद चार हजार रुपये रोपाई पर लग गए। फिर स्प्रे पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ खर्चा आ गया। अब दोबारा फिर धान की फसल लगाने पर लगभग 15 हजार रुपये प्रति एकड़ खर्चा आएगा। उन्होंने कहा कि उनके गांव में 200- 250 एकड़ में धान के बीज के कारण समस्या आई हुई है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई न होने के कारण वे मंत्री कृष्ण बेदी से मिलेंगे और उनको अपनी समस्या से अवगत करवाएंगे। अगर वहां भी समस्या का समाधान नहीं हुआए तो वे सीएम विंडो लगाएंगे। कृषि एवं कल्याण विभाग नरवाना के एसडीओ सुनील दलाल ने बताया कि कृषि अनुसंधान केंद्र कौल द्वारा एडवाइजरी जारी हुई है। बीज में समस्या है तो उसके सैंपल लिए जाएंगे। बीज में दिक्कत होती तो धान की पौध नही उगती। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। प्रभावित खेतों की बीज विक्रेता को साथ लेकर विजिट शनिवार को की गई है। रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों से भी इस संबंध में राय ली जाएगी।

**डिकॉय महिला की मदद से मिली सफलता**

# रेवाड़ी में गर्भपात की दवा बेचते युवक गिरफ्तार

- ग्राहक को मोबाइल नंबरदेता बाद में खुद मुहैया कराता एमटीपी किट, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धर दबोचा



रेवाड़ी। एमटीपी किट बेचने का आरोपी पुलिस टीम के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बढ़ते लिंग विषमतानुपात पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम एक्टिव हो चुकी है। टीम ने सेक्टर-5 में एक मेडिकल स्टोर के सेल्समैन को एमटीपी किट बेचने के आरोप में पकड़कर उसे मॉडल टाउन थाना पुलिस के हवाले किया है। आरोपी के खिलाफ एमटीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट मांगने वाले ग्राहक को अपना मोबाइल नंबर देता था। बाद में उसे दूसरे स्थान पर बुलाकर किट मुहैया कराता था।

सीएमओ ऑफिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फदनी निवासी दीपक एक मेडिकल स्टोर पर कार्य करता है। वह स्टोर पर एमटीपी किट लेने के लिए आने वाले ग्राहक को अपना मोबाइल नंबर देकर बाद में संपर्क करने को कहता है। संपर्क करने पर वह एमटीपी किट मुहैया करा देता है। इस सूचना के बाद एमटीपी के नोडल ऑफिसर डा. सुभाष यादव के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इसमें एएसएमओ डा. विद्यासागर को शामिल किया गया। टीम ने मनीषा नाम की गर्भवती महिला को डिकाय बनाकर मेडिकल स्टोर पर भेज दिया। वहां जाने पर दीपक ने डिकाय को अपना मोबाइल नंबर दे दिया। दीपक ने बाद में महिला से संपर्क करते हुए उसे सेक्टर-4 में किट लेने के लिए बुला लिया। इसके बाद टीम ने दीपक के आने का इंतजार किया।

### मेडिकल स्टोर संचालक भी पीछे नहीं

एमटीपी किट बेचने के मामले में मेडिकल स्टोर संचालक भी पीछे नहीं हैं। बिना अनुमति किट बेचने पर पाबंदी लगी हुई है। इसके बावजूद कई मेडिकल स्टोर संचालक मोटा पैसा कमाने के चक्कर में इस अनैतिक कार्य को अंजाम दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब दो माह पहले भी किशनगढ़ बालावास के पास एक मेडिकल स्टोर संचालक को डिकाय की मदद से रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

**18 अक्टूबर 2017 में प्रेम विवाह से खफा भाइयों ने गोली मारकर कर दी थी हत्या**

# बलिंद्र हत्याकांड में दोषी दो भाइयों को उम्र कैद और 3-3 लाख रुपये जुर्माना की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



अतिरिक्त सेशन जज डॉ. नंदिता कौशिक ने हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए दो सगे भाइयों को उम्र कैद और तीन तीन लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जुर्माने की राशि मृतक की मां और माइनर बेटे को बराबर बराबर देने के आदेश भी दिए गए हैं। इसी केस में तीन आरोपियों संदीप, सुमित और संजय को शक का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया है। इस बारे में गांव कोयल जिला जींद निवासी सलिंद्र ने 18 अक्टूबर 2017 को थाना शहर कैथल में हत्या का मुकदमा नंबर 464 दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एपीपी कुलदीप गर्ग ने की। एडवोकेट मंदीप सिंह और अशोक सैनी ने उनका सहयोग किया। कुलदीप गर्ग ने बताया कि शिकयतकर्ता सलिन्द्र के भाई बलिन्द्र ने पूजा निवासी गांव डिंडोली जिला जीन्द के साथ करीब 3 वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। इस प्रेम विवाह से पूजा के परिवार वाले खुश नहीं थे। बलिन्द्र व पूजा का एक बेटा प्रीत उम्र दो वर्ष है। घटना के दिन बलिन्द्र अपनी पत्नी पूजा व बेटे प्रीत को लेकर कैथल पूजा के परिजनों से मिलने आया था। कुछ शक होने पर सलिंद्र अपने चाचा किताब सिंह को लेकर कैथल जवाहर पार्क में आ गया। उन्होंने छुप कर देखा कि जवाहर पार्क कैथल में पूजा की मौसी नीलम, माता कर्मजीत कौर, पूजा, पूजा का बड़ा भाई दिलबाग, छोटा भाई सुनील व बलिन्द्र पार्क में बैठकर बातचीत करने लगे। इसके बाद बलिन्द्र के साथ सुनील व दिलबाग ने हाथपाई शुरु कर दी। सलिंद्र और किताबा उसको छुड़ाने के लिए भागे तो देखते देखते सुनील व दिलबाग ने पिस्तौलों से बलिन्द्र को गोलियां मार दी, गोलियां लगते ही बलिन्द्र नीचे गिर गया और सुनील व दिलबाग मौके से भाग गये। बलिन्द्र को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया

**केएमपी एक्सप्रेसवे पर स्थित जखोली टोल के पास पुलिस के साथ भिड़ंत**

# सोनीपत में पुलिस मुठभेड़ में पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत





सोनीपत। अस्पताल में घायल अवस्था में उपचार के लिए लाया गया बदमाश व वारदात स्थल से बरामद हथियार। फोटो : हरिभूमि

केजीपी पेरिफेरल-वे पर जाखौली टोल से आगे मनौली अंडरपास के पास रविवार तड़के करीब तीन बजे स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट की टीम ने मुठभेड़ में पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। भागने की कोशिश में आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बचाव में पुलिस ने भी फायर किए। पुलिस की गोली आरोपित के पैर में लगी और वह लड़खड़ाकर गिर गया। जांच के दौरान आरोपित के पास से मोबाइल फोन व अवैध पिस्तौल बरामद किया गया है। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। केजीपी-केएमपी एक्सप्रेस-वे पर एक गिरोह सक्रिय होकर लूट की वारदातों को अंजाम दे रहा था। कुंडली थाना पुलिस ने पिछले दिनों गिरोह के सदस्य शावेज को गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि शावेज ने जानकारी दी कि गिरोह को उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव काठा निवासी दानिश उर्फ गोलू चला रहा है। रविवार तड़के तीन बजे आरोपित दानिश उर्फ गोलू के बारे में सूचना मिली, टीमों ने घेराबंदी की। दानिश ने भागने की कोशिश में पिस्तौल से फायरिंग कर दी।

### जांच जारी

मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध संगीन अपराधों के कई मुकदमे दर्ज हैं। वह गिरोह को लीड कर रहा था। आरोपित के पास से एक पिस्तौल व एक मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपित का उपचार चल रहा है। आरोपितो की पहचान कर कार्रवाई की जा सके। - **अजय धनखड़**, प्रभारी स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट।

# जगाधरी सिविल अस्पताल में नाबालिग लड़की ने दिया बच्चे को जन्म

**परिजनों ने जिस लड़के के साथ रिश्ता तय किया था, उसी युवक ने बनाए संबंध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में जगाधरी स्थित सिविल अस्पताल में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने बच्चे को जन्म दिया है। बताया जा रहा है कि लड़की रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। लड़की के परिजनों ने एक युवक के साथ रिश्ता तय किया था, यह सोचकर कि लड़की के बालिग होने पर शादी कराई जाएगी। इस बीच, दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। आरोप है कि युवक ने लड़की को शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई। बताया गया कि आरोपी युवक, लड़की के साथ मारपीट भी करता था, जिसके चलते परिजन इस रिश्ते से नाखुश थे। इसके बावजूद, परिजनों ने उस समय पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई।

### प्रसव पीड़ा होने पर कराया अस्पताल में भर्ती

परिजनों को दो- तीन महीने बाद जब लड़की के गर्भवती होने का पता चला, तब भी परिजनों ने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। गर्भ के नौ महीने पूरे होने पर लड़की को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसे 14 जुलाई को जगाधरी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। 16 जुलाई को उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

अस्पताल से नाबालिग के डिलीवरी केस की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचीं और परिजनों से पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि करीब एक साल पहले उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता तय किया था, लेकिन आरोपी ने लड़की के बालिग होने से पहले ही उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने बताया कि अभी तक परिजनों ने आरोपी के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। मामले की जांच जारी है और शिकायत मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। -**कोमल** एएसआई, जांच अधिकारी



रेवाड़ी। राजकरण को एंबुलेंस में लाने वाला स्टाफ।

### तालाब में नहाने उतरे युवक की डूबने से मौत

**बावल।** बनीपुर में मंदिर के पास जोहड़ में नहाने के लिए उतरे एक 35 वर्षीय युवक की रविवार को डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमोर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। यूपी के बबरापुर का रहने वाला राजकरण बनीपुर में परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा था। वह बाबा अमरनाथ मंदिर के पास बने जोहड़ में नहा रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से राजकरण को जोहड़ से बाहर निकाला गया। बावल सीएचसी स्टाफ ने मौके पर ही उसका उपचार करने का प्रयास किया। इसके बाद उसे सीएचसी लाया गया। ईसीजी कराने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। पहले मृतक की पहचान नहीं हुई थी, परंतु बाद में परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर उसकी शिनाख्त कर दी। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

**पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका, हमलावर फरार**

# गोहाना में किसान की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गांव मदीना में शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना में अज्ञात हमलावरों ने एक किसान की डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। हमलावर बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए थे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मृतक की पहचान 45 वर्षीय नरेंद्र के रूप में हुई है, जो गांव में खेती-किसानी करता था। पुलिस के अनुसार, नरेंद्र शनिवार रात करीब 9 बजे अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठा था। इसी दौरान एक सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो गाड़ी मुख्य सड़क से होकर उनके घर की ओर आई। गाड़ी से दो युवक डंडे लेकर उतरे और सीधे नरेंद्र की ओर बढ़ते हुए बोले, "आज इसे छोड़ना नहीं है।" स्थिति भांपते हुए नरेंद्र घबराकर उठ खड़ा हुआ और जान बचाने के लिए गांव की घनी आबादी की ओर दौड़ गया। लेकिन गाड़ी में बैठे अन्य 4-5 युवक भी डंडे लेकर उसका पीछा करने लगे। कुछ दूरी पर दूसरी गली में हमलावरों ने नरेंद्र को पकड़ लिया और उस पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर सुनकर पत्नी प्रीति और कुछ पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर बोलेरो में सवार होकर फरार हो चुके थे। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को पीजीआई रोहतक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बरोदा थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पत्नी प्रीति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शव स्वजनों को सौंप दिया

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले में गांव और आसपास के क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आने वालों का अब नहीं होगा प्रवेश




मंदिर में चस्पा किया गया इश्तहार।

**रेवाड़ी।** बारा पत्थर प्राचीन मंदिर के पुजारी ने शिवरात्रि पर्व को देखते हुए अमर्यादित कपड़े पहनकर मंदिर में आने वाले लोगों पर रोक लगा दी है। इसके लिए मंदिर में इश्तहार भी चस्पा किया गया है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन करने और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। ऐसे में नाइट सूट व कटी-फटी जींस के साथ-साथ आपत्तिजनक कपड़े पहनकर आने वाले लोगों के मंदिर में प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। यह सब मंदिर की परंपरा और मंदिर में मर्यादा बनाए रखने के लिए किया है। अगर कोई श्रद्धालु ऐसे कपड़े पहनकर आता है, तो उसे मंदिर के बाहर से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने होंगे। यह नियम महिला श्रद्धालुओं पर भी लागू किया गया है।

### एक साल में दिल्ली बर्ड एटलस ने की 221 से अधिक पक्षी प्रजातियों की मैपिंग

**गुरुग्राम।** राजधानी दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को व्यवस्थित करने की एक शहर-व्यापी पहल के रूप में दिल्ली बर्ड एटलस ने अपना पहला वर्ष पूरा किया। इस अवसर पर 150 से अधिक पक्षी प्रेमियों, वन अधिकारियों, शोधकर्ताओं और गैर सरकारी संगठनों की एक सभा हुई। जिसमें बताया गया कि केवल 12 महीनों में, एटलस ने 200 से अधिक स्वयंसेवकों को संगठित किया है। वहीं 1150 ईबर्ड चेकलिस्ट बनाई हैं, और आर्द्रभूमि, रिज जंगलों, नालों, शहरी गांवों, मलिन बस्तियों और ऊंची इमारतों में 221 से अधिक पक्षी प्रजातियों की मैपिंग की है। इस अवसर पर श्याम सुंदर कांडपाल, आईएफएस, दिल्ली के मुख्य वन्यजीव वार्डन, ने एटलस को किसी भारतीय शहर में अब तक किए गए सबसे व्यापक नागरिक विज्ञान प्रयासों में से एक बताया और इस पहल के दूसरे वर्ष में समर्थन और पैमाने को बढ़ाने के लिए वन विभाग की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

**अच्छी पहल**

**हर थाने में संतरी के पास दिखेगा क्यूआर कोड**

*पुलिस को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-संवेदनशील बनाने की कवायद*

# फतेहाबाद पुलिस की नई पहल, हर थाने में लगे क्यूआर कोड, लोग दर्ज करवा सकेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस के मूलमंत्र सेवा, सुरक्षा और सहयोग को फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन अपने कार्यों के माध्यम से साकार कर रहे हैं। जिले में पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-संवेदनशील बनाने हेतु फतेहाबाद पुलिस द्वारा एक नई तकनीकी पहल की गई है। एसपी के निर्देशन में क्यूआर कोड तकनीक का उपयोग शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन अब पुलिस द्वारा दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का सीधा मूल्यांकन कर सकेंगे। यह सुविधा जिले के सभी

**क्यूआर कोड के बोर्ड**




थानों, चौकियों, ट्रैफिक प्वाइंट्स, पीसीआर वाहनों, महिला हेल्प डेस्कों सहित अन्य पुलिस संपर्क स्थलों पर क्यूओर कोड स्कैन कर उपलब्ध कराई गई है। कोई भी नागरिक अपने मोबाइल से कोड स्कैन कर फीडबैक फॉर्म भर सकता है, जिसमें वह संबंधित सेवा की गुणवत्ता, पुलिसकर्मी के व्यवहार तथा समाधान की स्थिति के बारे में अपनी राय दर्ज कर सकता है। यह प्रणाली न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देती है, बल्कि अधिकारियों को यह भी जानने में सहायता करती है कि किस क्षेत्र या इकाई में सुधार की आवश्यकता है। रीयल टाइम डेटा पर आधारित यह प्रणाली सेवा सुधार एवं रणनीतिक निर्णयों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का कहना है कि यह पहल जनता की भागीदारी के साथ एक उत्तरदायी और पारदर्शी पुलिसिंग की दिशा में प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक की आवाज़ हम तक पहुंचे और उस पर सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित हो। यह प्रणाली विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं तथा दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को भी अपनी राय और अनुभव साझा करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह अभिनव प्रयास पारंपरिक व्यवस्था से आगे बढ़कर डिजिटल युग की स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है।

### पहल की विशेषताएं

- थानों एवं चौकियों में क्यूआर कोड आधारित जन-सार्वजनिक फीडबैक व्यवस्था
- नागरिकों के लिए सेवा अनुभव साझा करना सरल, सुरक्षित और गोपनीय
- प्राप्त सुझावों व शिकायतों का विश्लेषण कर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई
- जनता और पुलिस के बीच संवाद व विश्वास को सुदृढ़ करना
- तकनीक के सकारात्मक उपयोग से ई-गवर्नेंस की दिशा में अग्रसर एक सशक्त कदम

# धनी भारतीयों को विदेश में बसने आव्रजन कंपनियां दे रहीं ऑफर

## यदि आप पांच से दस लाख रुपए मासिक कमाते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यदि आप पांच से 10 लाख रुपये मासिक कमाते हैं, या किसी स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर का निवेश कर सकते हैं, या सिर्फ एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, तो एक वैश्विक आव्रजन सलाहकार आपको कई देशों में बसाने का वादा कर सकता है। देशों में विकल्प फ्रांस और इटली से लेकर मिस्र और ग्रेनेडा तक हैं। वैश्विक आव्रजन कंपनी गैरेंट.इन के संस्थापक एंड्रयू बोइको ने कहा, विकल्प स्पष्ट है। उदाहरण के लिए, आप गुरुग्राम में एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, लेकिन इससे आपको इटली में रहने की सुविधा नहीं मिलेगी।

- स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर निवेश कर सकते हैं

### विदेशों में बसना भारतीयों को पसंद आ रहा

बोइको ने कहा, "भारतीय बहुत व्यावहारिक होते हैं। वे बिना किसी फ़ायदे के चंदा नहीं देना चाहते (कुछ देशों द्वारा नागरिकता या निवास के लिए मांगा जाने वाला चंदा) क्योंकि वे अपना पैसा वापस चाहते हैं। वे अपने निवेश पर रिटर्न भी चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि यहीं पर वित्तीय स्वतंत्रता और निवेश जैसे कार्यक्रम विदेशों में बसने के इच्छुक भारतीयों को पसंद आ रहे हैं।



### फ्रांस, इटली और मिस्त्र पंसदीदा देशों में

भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा देशों में फ्रांस, इटली, मिस्त्र और ग्रेनेडा शामिल हैं। बोइको ने बताया कि विदेश जाने की चाह रखने वाले भारतीयों में उन्होंने एक अहम बात देखी गई है कि विदेश जाने के मामले में भी भारतीय निवेशक की तरह होते हैं।

### यूरोप में आप कहीं भी रह सकते हैं

लेकिन अगर आप इटली में उतनी ही कीमत का अपार्टमेंट खरीदते हैं, तो आप वहां या यूरोप में कहीं भी रह सकते हैं, साथ ही कई अन्य देशों तक आसानी से पहुंच भी पाएंगे। अमीर भारतीयों में विदेश में बसने की तीव्र रुचि को देखते हुए यह कदम उठाया गया।

### केवल तीन माह में 4000 आवेदन आए

दुबई स्थित इस कंपनी ने नई दिल्ली में एक पूर्ण कार्यालय खोला है और जल्द ही मुंबई में एक कार्यालय और फिर देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ कार्यालय खोलने की योजना बना रही है। बोइको ने कहा कि उनकी कंपनी को भारत से केवल तीन महीनों में 4,000 से अधिक 'अनुरोध' प्राप्त हुए हैं।

### स्थिर आय प्रभाव दिखाना होता है

वित्तीय स्वतंत्रता कार्यक्रम के तहत, किसी व्यक्ति को किसी देश में निवास प्राप्त करने के लिए एक निश्चित सीमा से अधिक स्थिर आय प्रवाह दिखाना होता है, और कुछ वर्षों के बाद, पात्र नियमों और शर्तों के अधीन, यह नागरिकता में परिवर्तित हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### उड़ान ने शॉपकिराना का किया अधिग्रहण




**मुंबई।** उड़ान ने खुदरा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप शॉपकिराना के अधिग्रहण की घोषणा की। बयान में कहा गया, इंदौर, भोपाल, लखनऊ, आगरा, सूरत और मेरठ जैसे छोटे व मझोले शहरों में मजबूत उपस्थिति के साथ शॉपकिराना, उड़ान की राष्ट्रीय बाजार उपस्थिति को और मजबूत करता है। उड़ान एक प्रमुख ई-बी2बी व्यापार मंच है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रहा था।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस व रिलायस को हुआ घाटा

**नई दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 94,433.12 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.74 अंक या 0.90 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं ईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई), बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार है ।

## यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक

# अधिकारियों ने जून तिमाही में 15,851 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी दावे पकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 15,851 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों का पता लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, जाली कंपनियों की संख्या में साला‍ना आधार पर कमी आई है।

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,840 से कम है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति वर्तमान में विशिष्ट क्षेत्रों में कर चोरी का अध्ययन कर रही है और आईटीसी धोखाधड़ी को रोकने के तरीकों पर विचार कर रही है।

### 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में, जीएसटी अधिकारियों ने 3,840 फर्जी कंपनियों से जुड़े 12,304 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का पता लगाया था। 549 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जीएसटी व्यवस्था के तहत, आईटीसी कंपनियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी पर चुकाए गए करों से है।




- जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई
- पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही
- औसतन, हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही

### 25,009 फर्जी कंपनियों का पता लगाया था

वर्ष 2024-25 के दौरान, जीएसटी अधिकारियों ने 61,545 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी में शामिल 25,009 फर्जी कंपनियों का पता लगाया था। जीएसटी अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दो अखिल भारतीय अभियान चलाए हैं।

### फर्जी जीएसटी पंजीकरण अभियान कारगर रहा

एक अधिकारी ने कहा, "औसतन, हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही हैं। अप्रैल-जून की अवधि में फर्जी कंपनियों की संख्या पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कम है, जो दर्शाता है कि फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ अभियान कारगर रहा है।

### खजाने को चुना लगाने बनाते हैं फर्जी कंपनियां

कर देयता का भुगतान करते समय इस कर का दावा क्रेडिट या कटौती के रूप में किया जा सकता है। फर्जी आईटीसी से निपटना जीएसटी प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है क्योंकि बेईमान तत्व केवल आईटीसी का दावा करने और सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए फर्जी कंपनियां बना लेते हैं।

### पहले अभियान में 18,000 फर्जी कंपनियों का पता चला

पहले विशेष अभियान के दौरान 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी का पता चला था। इसी तरह 16 अप्रैल से 30 अक्टूबर, 2024 के बीच दूसरे अभियान में, जीएसटी अधिकारियों ने जीएसटी के तहत पंजीकृत लगभग 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगाया, जो लगभग 25,000 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल रही हैं।

# होंडा की नजर भारतीय दोपहिया बाजार में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनी 2030 तक अपने लक्ष्य को लेकर चल रही
- महिला ग्राहकों के बीच बिक्री बढ़ाने की अपार संभावना

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा 2030 तक भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी की भारत स्थित इकाई के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कंपनी की इकाई होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) को महिला ग्राहकों के बीच बिक्री बढ़ाने की अपार संभावनाएं दिख रही हैं। वर्तमान में कुल उद्योग बिक्री में महिला ग्राहकों की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। एचएमएसआई के अध्यक्ष त्सुत्सुमु ओटानी ने दिए एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को दीर्घावधि में दोपहिया वाहन खंड में पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) से इलेक्ट्रिक वाहन की ओर बदलाव की उम्मीद है, लेकिन चार्जिंग बुनियादी ढांचे और बिजली आपूर्ति से जुड़ी बाधाएं वर्तमान में प्रमुख बाधाएं हैं। ओटानी से जब होंडा के वैश्विक दोपहिया वाहनों की बिक्री में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के दीर्घकालिक लक्ष्य में भारतीय बाजार के महत्व के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "भारतीय बाजार के आकार को देखते हुए, हम 2030 तक भारत में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना चाहते हैं।

### इलेक्ट्रिक बाइक में हिस्सेदारी हासिल करेगी कंपनी

कंपनी ने इलेक्ट्रिक बाइक सहित वैश्विक मोटरसाइकिल बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का दीर्घकालीन लक्ष्य रखा है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अनुसार, भारत में कुल दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में 1,88,77,812 इकाई रही, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1,75,27,115 इकाई थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### द वेल्थ कंपनी को म्यूचुअल फंड में कारोबार की अनुमति

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने "द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स" को म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की अंतिम मंजूरी दे दी है। पैंटोमैथ समूह की कंपनी ने कहा कि उसे 18 जुलाई, 2025 को सेबी से एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के रूप में पंजीकरण का प्रमाणपत्र मिला।


# कंपनी परिणाम और व्यापार वार्ता शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

एक विश्लेषक का कहना है कि बाजार सोमवार को तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया दे सकता है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को जून तिमाही के लिए 26,994 करोड़ रुपये का अपना अबतक का सबसे अधिक तिमाही लाभ दर्ज किया है।

यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 78.3 प्रतिशत का उछाल है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, "सभी की निगाहें चालू तिमाही नतीजों के सत्र पर टिकी हैं। निवेशक सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे पहले तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक - के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे।



- इंफोसिस और बजाज फाइनेंस जैसी कंपनियों के आएंग परिणाम

### बीटीए के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूर्ण


भारत और अमेरिका के वार्ताकारों ने 17 जुलाई को वाशिंगटन में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली। ये विचार-विमर्श महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं।

# पहली छमाही में 24 कंपनियों ने आईपीओ से 45,000 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार अड़चनों, भू-राजनीतिक संघर्ष और व्यापक आर्थिक चिंताओं के बावजूद 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 45,350 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है।हालांकि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईपीओ की संख्या घटकर 24 रह गई, जो 2024 की जनवरी-जून अवधि में 36 थी। इससे पता चलता है कि आईपीओ के औसत आकार में वृद्धि हुई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि आगे चलकर घरेलू निवेश के मजबूत प्रवाह, सकारात्मक निवेशक धारणा और मजबूत वृद्धि की संभावना के कारण 2025 की दूसरी छमाही में आईपीओ बाजार के सतर्क रूप से मजबूत बने रहने की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून के दौरान 24 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 45,351 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 36 कंपनियों ने 31,281 करोड़ रुपये जुटाए थे। जेएम फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशनल सिक्योरिटीज की प्रबंध निदेशक और प्रमुख इक्विटी कैपिटल मार्केट्स नेहा अग्रवाल ने कहा, "साल की पहली छमाही में वैश्विक व्यापार तनाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हुई।




*कंपनियां बिक्री पेशकश लेकर आई* इनमें से ज्यादातर आईपीओ में नए शेयर जारी करने के साथ प्रवर्तकों द्वारा बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई गई। आईपीओ मार्ग से धन जुटाने वाली कंपनियों में से अधिकांश औद्योगिक क्षेत्रों मसलन विनिर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से संबंधित थीं।

*अकेले जुलाई माह में चार आईपीओ आए :* इस राशि का उपयोग कंपनियों ने मुख्य रूप से व्यावसायिक विस्तार योजनाओं के वित्तपोषण, कर्ज चुकाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया। अकेले जुलाई माह में चार आईपीओ आए। वहीं कम-से-कम पांच आईपीओ पाइपलाइन में हैं।

# अप्रैल-जून तिमाही में देश का वाहन निर्यात 22 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के वाहन निर्यात में अप्रैल-जून तिमाही में 22 प्रतिशत का उछाल आया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम का कहना है कि यात्री वाहनों के रिकॉर्ड निर्यात, दोपहिया तथा वाणिज्यिक वाहन खंड के बेहतर प्रदर्शन से कुल वाहन निर्यात बढ़ा है। जून तिमाही में वाहन निर्यात बढ़कर 14,57,461 इकाई पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,92,566 इकाई था। यह 22 प्रतिशत की वृद्धि है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 2,04,330 इकाई पर पहुंच गया।

# इस सप्ताह सीमित दायरे में कारोबार करेगा सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने का भाव इस सप्ताह एक सीमित दायरे में रहेगा। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक वैश्विक व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व के संकेतकों का भी इंतजार है, ऐसे में सोने की कीमतों में बहुत उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सर्राफा कीमतों की दिशा जानने के लिए यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी सभी की निगाह रहेगी। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष, ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध प्रणव मेर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में व्यापार वार्ता के नतीजों, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की टिप्पणियों, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी। इसमें आवास बाजार, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर शामिल हैं।

# रियल एस्टेट क्षेत्र के विशेषज्ञ का मानना किफायती मकानों की मांग अच्छी

**नई दिल्ली।** देश में रियल एस्टेट कंपनियां लग्जरी और प्रीमियम मकानों को अधिक तरजीह दे रही हैं। इसका कारण जहां जमीन की कीमत अधिक होने से मध्यम आय और किफायती श्रेणी के मकानों में कीमत को एक दायरे में रखने को लेकर चुनौती है, वहीं लग्जरी खंड में मार्जिन अधिक होने के साथ-साथ मांग भी अच्छी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उनका कहना है कि सरकार शहरी और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए पीएमएवाई (प्रधानमंत्री आवास योजना) जैसे कार्यक्रमों के पुनरुद्धार और विस्तार के साथ नीतिगत समर्थन और वित्तीय प्रोत्साहन के माध्यम से मध्यम आय वर्ग की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## राशिफल

**मेष** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।


**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।





जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे की मांग

# जम्मू में कांग्रेस ने निकाला मार्च, कार्यकर्ता हिरासत में



**जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित मार्च के दौरान पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'हमारी रियासत हमारा हक' के बैनर तले कांग्रेस को पिछले दो दिनों में दूसरी बार रैली निकालने के लिए अनुमति नहीं दी गई। श्रीनगर में रविवार को कांग्रेस की रैली को पुलिस ने रोक दिया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और पार्टी के महासचिव जी.ए. मीर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता यहां जम्मू मध्य शहीदी चौक स्थित पार्टी मुख्यालय में जुटे। उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को ज्ञापन सौंपने के लिए राजभवन तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने अवरोधकों का इस्तेमाल कर उनके जुलूस को रोक दिया।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर बोले

## आतंकवाद संबंधी अपनी नीति पर पुनर्विचार करे पाकिस्तान

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पाकिस्तान की "शत्रुतापूर्ण मंशा" जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। उन्होंने इसी के साथ पाकिस्तान को आगाह किया कि अब भारत किसी भी आतंकवादी हमले को "युद्ध की कार्रवाई" के रूप में देखता है। अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में इस विमर्श को खारिज किया कि अनुच्छेद 370 को हटाना क्षेत्र में आतंकवाद का समाधान है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम में हुए हमले ने इस विमर्श को गलत साबित किया है। अब्दुल्ला ने कहा, 'कहा कि भाजपा ने यह विमर्श प्रसारित करने की बहुत कोशिश की कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अनुच्छेद 370 का नतीजा है। हम जानते हैं कि यह सच नहीं है। केंद्र ने संसद और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इसका वादा किया था। अब्दुल्ला ने सरकार की "हाइब्रिड प्रणाली" की बात को खारिज कर दिया जिसके तहत राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद भी कानून-व्यवस्था केंद्र के पास रहेगी और कहा कि ऐसी बातें उन लोगों की ओर से आ रही हैं जिन्होंने पिछले साल के विधानसभा चुनाव होने पर संदेह जताया था।



- राज्य का दर्जा हमारा अधिकार है, हाइब्रिड प्रणाली स्वीकार्य नहीं

दुनिया के सबसे बुजुर्ग मैराथन धावक को नमन





## राजकीय सम्मान के साथ फौजा सिंह का अंतिम संस्कार

**जालंधर (भाषा)।** दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक फौजा सिंह का रविवार को उनके पैतृक गांव ब्यास में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह 'टर्बन्ड टॉरनेडो' के नाम से जाने जाते थे। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री भगवंत मान और मंत्री मोहिंदर भगत अंतिम संस्कार में शामिल हुए। फौजा को उनके बेटे हरविंदर सिंह ने मुखाग्नि दी। चौदह जुलाई को ब्यास में जालंधर-पठानकोट राजमार्ग पार करते समय एक कार की चपेट में आने से 114 वर्षीय सिंह की मृत्यु हो गई थी। कार कनाडा निवासी अमृतपाल सिंह ढिल्लों चला रहा था। राज्यपाल कटारिया ने याद किया कि पिछले साल नशा मुक्ति यात्रा के दौरान फौजा सिंह उनके साथ चले थे।

नई पुस्तक में इसका खुलासा

## आजादी के बाद से अब तक केवल 18 मुस्लिम महिलाएं लोकसभा में पहुंचीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** यह एक सर्वविदित तथ्य है कि लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हमेशा से कम रहा है। लेकिन मुस्लिम महिला सदस्यों की संख्या बहुत कम रही है और आजादी के बाद से केवल 18 मुस्लिम महिलाएं ही संसद के निचले सदन में पहुंच सकी हैं। एक नई पुस्तक में इस बात का खुलासा हुआ है। यद्यपि वंशवादी राजनीति लोकतंत्र की जड़ें गहरी करने में सहायक नहीं हो सकतीं, फिर भी इसने मुस्लिम महिलाओं को अवसर प्रदान करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से लोकसभा में पहुंचने वाली 18 में से 13 महिलाएं राजनीतिक परिवारों से हैं।

राजपरिवार से लेकर चाय विक्रेता से राजनेता बने व्यक्ति की पत्नी और प्रथम महिला से लेकर बंगाली अभिनेत्री तक, लोकसभा में कदम रखने वाली 18 मुस्लिम महिलाएं विविधताओं का मिश्रण हैं। इन महिलाओं में से प्रत्येक महिला की अपनी एक दिलचस्प पृष्ठभूमि रही है, लेकिन एक बात सभी महिलाओं में समान थी - सत्ता तक पहुंचने का उनका रास्ता हमेशा संघर्ष और बाधाओं से भरा रहा था। इन 18 मुस्लिम महिलाओं की कहानी एक पुस्तक - 'मिसिंग फ्रॉम द हाउस - मुस्लिम वीमेन इन द लोकसभा' में लिखी गई है। यह पुस्तक वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई और अंबर कुमार घोष ने लिखी है। किदवई कहते हैं कि वह निचले सदन में पहुंचने वाली 20 मुस्लिम महिलाओं का विवरण अपनी पुस्तक में दर्ज करना चाहते थे, लेकिन उनमें से दो महिलाएं - सुभासिनी अली और आफरीन अली - ने स्पष्ट तौर पर दावा किया था कि वे इस्लाम का पालन नहीं करती हैं।

## खबर संक्षेप



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में रविवार को श्रावण के पवित्र महीने में 'कांवड़' को लेकर जाते महिला और बच्चे श्रद्धालु।

### धर्मस्थल सामूहिक कब्र मामला:कर्नाटक सरकार ने बनाई एसआईटी

**बेंगलुरू(एजेंसी)।** धर्मस्थल सामूहिक कब्र मामले को लेकर कर्नाटक में बवाल मचा हुआ है। कर्नाटक सरकार ने पिछले दो दशकों में धर्मस्थल में कथित सामूहिक कब्रों, गुमशुदगी और महिलाओं एवं छात्रों के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज अपराध और इसके संबंध में कर्नाटक राज्य के अन्य पुलिस स्टेशनों में दर्ज होने वाले सभी अन्य आपराधिक मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन करना उचित पाया गया है।

### 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत रोजगार दिलाएगी उप्र सरकार

**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश सरकार 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत राज्य में चिह्नित गरीब परिवारों के सदस्यों को गारंटीकृत क्षमता विकास कार्यक्रम से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों में रोजगार भी दिलायेगी। योगी सरकार 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत चिह्नित गरीब परिवारों के सदस्यों को न केवल गारंटीकृत कौशल कार्यक्रम से जोड़ेगी बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार भी दिलाएगी।

### सीबीआई बनकर गहने नकदी लूटने वाले धरे

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म से प्रेरित डकैती में, एक युवती, एक दुकानदार और एक बेरोजगार युवक ने सीबीआई अधिकारी बनकर उत्तरी दिल्ली में एक व्यापारी के घर पर छापा मारा और लाखों की नकदी और आभूषण लेकर चंपत हो गए।

न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की तैयारी

# सौ से अधिक सांसदों ने प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस पर हस्ताक्षर किए: रीजीजू

प्रस्ताव लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना। लोस में कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर होना जरूरी है।



- समिति ने की थी इस मुद्दे पर जांच पड़ताल
- कमेटी ने दी कार्रवाई के लिए स्वीकृति
- घर में जली नकदी मिलने का मामला



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के सिलसिले में संसद में प्रस्ताव पेश करने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने पहले ही एक नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इसके साथ ही लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए आवश्यक समर्थन हासिल हो गया है। सर्वदलीय बैठक के बाद किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि हस्ताक्षर प्रक्रिया जारी है। 100 से अधिक सांसद पहले ही हस्ताक्षर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) को तय करना है कि प्रस्ताव कब पेश किया जाएगा। किसी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए।

यह प्रस्ताव लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र के साथ, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इसी सत्र में यह प्रस्ताव लाएगी और न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ इस कदम में उसे विपक्ष समेत विभिन्न दलों का समर्थन मिल रहा है। जब रीजीजू से पूछा गया कि क्या सत्र के पहले सप्ताह में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है, तो कहा कि मैं प्राथमिकता के आधार पर किसी भी कार्य पर टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक यह प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से बीएसी की ओर से पारित नहीं हो जाता, मेरे लिए कुछ कहना मुश्किल है। वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर सभी राजनीतिक दल सहमत हैं।

### जस्टिस वर्मा का कैश कांड

जस्टिस वर्मा के लुटियंस स्थित बंगले पर 14 मार्च की रात 11:35 बजे आग लगी थी। इसे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बुझाया था। घटना के वक्त जस्टिस वर्मा शहर से बाहर थे। 21 मार्च को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जस्टिस वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिला था। काफी नोट जल गए थे। बता दें कि जस्टिस वर्मा के आवास पर जले हुए कैश के बंडल बरामद होने के बाद मामला संज्ञान में आया था और तब से ही वर्मा की मुश्किलें बढ़ी हुई हैं।

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर मामला

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर मामला है। न्यायपालिका ही वह जगह है, जहां लोगों को न्याय मिलता है। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो यह सभी के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर सभी राजनीतिक दलों के हस्ताक्षर होने चाहिए। मार्च में दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश वर्मा के आवास में आग लगने की घटना के बाद नोटों की गड्डियां बरामद हुई थीं। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा नियुक्त तीन उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की एक समिति ने उन्हें दोषी पाया था। खन्ना ने यह मामला राष्ट्रपति व पीएम के समक्ष भेजा था और वर्मा के इस्तीफा देने से इनकार करने पर उन्हें हटाने की सिफारिश की थी। वर्मा को बाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया। उन्होंने खुद का बचाव किया और समिति के निष्कर्षों के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

**आंतरिक जांच में जस्टिस को दोषी ठहराया गया**

तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश पर हुई आंतरिक जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया है। न्यायमूर्ति वर्मा ने किसी भी गलत कार्य में संलिप्त होने से इनकार किया है, लेकिन सुप्रीम द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां नकदी पाई गई थी। इससे यह साबित होता है कि मामला गंभीर है और उन्हें हटाया जाना चाहिए।

## संसद के मानसून सत्र से पहले केजरीवाल संजय सिंह ने उपराष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर मुलाकात की। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए उनसे मुलाकात की। मैं ईश्वर से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने भी 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की पुष्टि की।



संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। विपक्षी दलों द्वारा कई प्रमुख मुद्दे उठाए जाने की संभावना है। सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा है।

## भाषण नहीं, सिर्फ नौकरी ही चाहते हैं युवा: राहुल गांधी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस के रोजगार मेले में उमड़ी भारी भीड़ का हवाला दिया

*कांग्रेस ने बेरोजगारी को लेकर की कड़ी आलोचना*

पटना में भारतीय युवा कांग्रेस के रोजगार मेले में उमड़ी भारी भीड़ का हवाला देते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और उसके 'अवसरवादी' सहयोगियों ने बिहार के युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि यह परिवर्तन की शुरुआत है और बिहार के युवा अब भाषण नहीं, बल्कि अपने भविष्य को आकार देने के लिए रोजगार चाहते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, बिहार में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित महारोजगार मेले में जन-सैलाब से ये साबित हो गया है कि भाजपा व उसके अवसरवादी सहयोगियों ने बिहार के युवा को बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। उन्होंने लिखा, "देश के युवाओं के जीवन में बदलाव की शुरुआत बिहार से होगी।

ईडी ने दो वकीलों को किया था तलब

## इस पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, आज सुनवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। मनी लॉड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है। कहा गया कि किसी भी वकील को कोई समन जारी नहीं किया जाना चाहिए।

'शारदा' की छात्रा के सुसाइड में खुलासा

## प्रोफेसर ने चप्पल मारने और फेल करने की दी थी धमकी

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा



यहां की शारदा विश्वविद्यालय के हॉस्टल में आत्महत्या करने वाली छात्रा ज्योति शर्मा अगस्त में होने वाली परीक्षा से पहले प्रोजेक्ट पर प्रोफेसरों के हस्ताक्षर नहीं करने से आहत थी। छात्रा की मां सुनीता के मुताबिक अगस्त में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा होनी है।

छात्रा ने मेडिकल प्रोजेक्ट के तौर पर डेंचर (बत्तीसी) पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। 30 नंबरों के इस प्रोजेक्ट पर विभाग के प्रोफेसरों के हस्ताक्षर होने थे। शुक्रवार को छात्रा प्रोजेक्ट की फाइल पर हस्ताक्षर कराने के लिए गई थी। प्रोफेसरों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। छात्रा के प्रोजेक्ट की फाइल भी फेंक दी गई। प्रोफेसर ने चप्पल फेंककर मारने की बात कही। जिससे छात्रा आहत हो गई। मां का दावा है कि सारी बातें डीन को पता थी।

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ.मांडविया




### 'संडे ऑन साइकिल' रैली में दिया संदेश

**वाराणसी।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को वाराणसी के बीएचयू में 'फिट इंडिया' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत आयोजित किए गए 'संडे ऑन साइकिल' रैली का नेतृत्व किया। 'फिट इंडिया' मूवमेंट के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बीएचयू के छात्रों और ड्रग-फ्री यूथ कैंपेन के स्वयंसेवकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच फिटनेस और नशा-मुक्त जीवनशैली का संदेश देना है।

लोकल ट्रेन में सीट का झगड़ा भाषा विवाद में बदला

मुंबई लोकल में महिला यात्रियों के बीच तीखी बहस

## मुंबई में रहना है तो मराठी बोलो वरना बाहर निकलो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई लोकल में सीट को लेकर झगड़ा हिंदी-मराठी भाषा विवाद में बदल गया। महिलाओं के डिब्बे में सीट को लेकर कहा-सुनी हुई।

फिर कुछ मराठी बोलने वाली महिलाओं ने एक महिला यात्री को हिंदी में बोलने से मना किया और मराठी में बोलने को कहा। वीडियो में एक महिला हिंदी में बात करने पर आपत्ति जता रही है।

वह कह रही है कि मराठी में बात करो। मराठी भाषी महिलाओं के एक ग्रुप ने एक साथी यात्री से हिंदी में बात करना बंद करने और मराठी में बात करने की मांग की। यात्री महिला से कहा कि अगर आपको हमारी मुंबई में रहना है, तो मराठी बोलें। वरना बाहर निकल जाएं।



### विक्रोली में भी सामने आया मामला

एक अन्य अलग घटना में विक्रोली के एक राजस्थानी दुकानदार पर स्थानीय महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) कार्यकर्ताओं ने तब हमला किया जब उसने कथित तौर पर 'मराठी मानुष (मराठी भाषी लोगों) का अपमान करने वाला' वॉट्सएप स्टेटस पोस्ट किया था।

एयर इंडिया दुर्घटना के बाद टाटा समूह का अहम कदम

# टाटा संस ने पीड़ितों के लिए बनाया 500 करोड़ का ट्रस्ट



ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा संस ने शुक्रवार को मुंबई में 500 करोड़ रुपए के एक पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन औपचारिक रूप से पूरा कर लिया। यह ट्रस्ट 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 की दुखद घटना के पीड़ितों को समर्पित है, जिसमें 260 लोग मारे गए थे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस ट्रस्ट का नाम 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' होगा।

तत्काल और निरंतर सहायता मिलेगी



*टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स 250-250 करोड़ देंगे*

टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स ने ट्रस्ट के परोपकारी कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपए (दोनों ने 250-250 करोड़ रुपए) देने का संकल्प लिया है। इसमें मृतकों के लिए 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि, गंभीर रूप से घायलों का इलाज और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त भवनों की पुनर्निर्माण सहायता शामिल है।

**संकट को कम करने में मददगार**

कंपनी ने कहा कि ट्रस्ट दुर्घटना के बाद अमूल्य संस्थागत सहायता और सेवा प्रदान करने वाले फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स, मेडिकल और आपदा राहत पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को हुए किसी भी आघात या संकट को कम करने के लिए सहायता भी प्रदान करेगा।

### ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी

ट्रस्ट का प्रबंधन और प्रशासन 5 सदस्यीय न्यासी बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बोर्ड में नियुक्त शुरुआती दो ट्रस्टी टाटा समूह के पूर्व दिग्गज एस. पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा हैं। टाटा संस ने कहा कि अतिरिक्त ट्रस्टियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। कर अधिकारियों के साथ आवश्यक रजिस्ट्रेशन और वर्तमान में चल रही अन्य परिचालन औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ट्रस्ट को फंड किया जाएगा।

## चिंतन

# कामकाज का गवाह बने मानसून सत्र

आज से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है, यह सत्र काफी हंगामेदार होगा, लेकिन समूचा सत्र हंगामे की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष की सभी मांगों पर गौर करते हुए आश्वासन दिया है कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार अपने आश्वासन पर कायम रहेगी व बीच में विपक्ष कोई अनर्गल मांग नहीं करेगा तो करीब एक माह के इस सत्र में कामकाज शांतिपूर्ण तरीके से हो सकता है। यह सही है कि संसद चलाना सभी सांसदों व दलों की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार का रुख अधिक मायने रखता है कि वह विपक्षी दलों को कितना विश्वास में लेती है। इससे पहले संसद के शीत सत्र के दौरान वक्फ बिल को लेकर काफी हंगामा हुआ था। इस सत्र में विपक्ष के पास कई एजेंडे हैं, जिस पर वह बहस चाहता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जवाब चाहता है। इस दौरान अगर सत्ता पक्ष का अड़ियल रुख रहा तो, मानसूत्र में भी विपक्ष का हंगामा व नारेबाजी देखने को मिल सकती है। ऐसा हुआ तो यह सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ेगा। विपक्ष पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम के अनेक बार मध्यस्थता के दावे, भारत की विदेश नीति, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर संसद में बहस चाहता है। पहलगाम की आतंकी घटना व ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए 3 जून को 16 विपक्षी दलों ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग की थी, जिसे सरकार ने यह कर टाल दिया था कि चर्चा मानसून सत्र में ही होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ एक भी मुस्लिम देश समेत किसी देश का नैतिक रूप से साथ नहीं होने को विदेश नीति की विफलता कहकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा है कि इस सत्र में 17 विधेयक सरकार के एजेंडे में हैं। सत्र 21 से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा, पहले यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित था। सत्र का समय बढ़ने के पीछे माना जा रहा है कि बिहार चुनाव को देखते हुए सरकार का कोई सीक्रेट एजेंडा है। हालांकि 13 से 18 अगस्त के बीच कोई बैठक नहीं होगी। अंतिम चार दिनों सरकार कोई महत्वपूर्ण बिल ला सकती है। प्रधानमंत्री द्वारा संसद में विपक्ष के मुद्दों पर स्वयं जवाब देने की संभावना बहुत कम है। जब भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर चर्चा होगी, सरकार उचित जवाब देगी। राजग सहित कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से सरकार की विदेश पहुंच की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए चर्चा भी चाहते हैं। सरकार संसद में अपना विचार रखने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी मैदान में उतार सकती है। सरकार ने महीने भर चलने वाले सत्र के दौरान संसद के सुचारू संचालन में विपक्ष से सहयोग मांगा है। संसद को चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए, यह बहुत जरूरी है। सरकार का रुख लचीला हो और विपक्ष का मकसद संसद में केवल और केवल हंगामा न हो। सांसदों की कोशिश जनता के व्यय को अपव्यय करना न हो। संसद हंगामे का अखाड़ा बनने की बजाय कामकाज का राष्ट्रमंदिर बने। सत्र का साथर्कता ही देशहित में है। दलगत भावना से ऊपर उठकर सांसद अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझेंगे।

# अखाड़ा बनकर न रह जाए संसद



मानसून सत्र
प्रमोद भार्गव

21 जुलाई से मानसून सत्र शुरू हो रहा है। यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

इक्कीस जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र को गर्माए रखने के लिए कांग्रेस समेत लगभग समूचे विपक्ष ने अपने-अपने हथियार भांज लिए हैं। गोया, यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। चुनाव आयोग की इस बड़े प्रयास पर समूचा विपक्ष बड़े राजनीतिक संग्राम की तैयारी में जुटा है। लोकसभा चुनाव की तरह एक बार फिर से इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के दल एकजुट होते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बैठक भी की है। इस हंगामे में मुख्य रूप से कांग्रेस, राजद और तृणमूल कांग्रेस कार्यस्थगन प्रस्ताव ला सकते हैं। अतएव आशंका है कि बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

सरकार ने इस सत्र में 8 नए विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किए हैं। इन विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर संशोधन विधेयक-2025, सार्वजनिक न्यास प्रणाली (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक-2025, पुरातत्व धरोहर स्थल और अवशेष (संरक्षण और देखरेख विधेयक-2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 एवं राष्ट्रीय डोपिंग (कचरा) रोधी संशोधन विधेयक-2025 शामिल हैं। इन विधेयकों पर सहमति बनाए जाने की चर्चा से पहले विपक्ष चाहेगा कि पहलगाम हमले में गुप्तचर तंत्र की नाकामी, सैन्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेशी हस्तक्षेप, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के दावों के बीच सेना के अभियान को अचानक क्यों रोका गया जैसे मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हो। विपक्ष की मंशा, मुद्दों की सच्चाई से कहीं ज्यादा सरकार को घेरना है। सत्तारुढ़ पक्ष इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे बताकर चर्चा से बचने की कोशिश कर सकता है ? इन बड़े मुद्दों के अलावा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के निवास में लगी आग के दौरान नकद राशि जलने के मामले में महाअभियोग लाने की पैरवी करने के साथ ओडिशा की छात्रा के साथ हुए अत्याचार जैसे मुद्दे भी सदन में गरमा सकते हैं। न्यायमूर्ती वर्मा के मामले में सरकार को उम्मीद है कि यदि वह इस मुद्दे पर महाअभियोग चलाने का प्रस्ताव लाती है तो उसे सभी दलों का समर्थन मिल सकता है। संभव है इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले वर्मा इस्तीफा दे दें। यदि नहीं देते हैं तो संसद में इस मुद्दे पर तीखी बहस संभव है। यदि बहस होती है तो न्यायाधीशों की मनमानी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी गहन विमर्श होना तय है।

कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मतदाता सूची को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। जबकि सत्तारुढ़ दल चुनाव आयोग की जानकारी के आधार पर विपक्ष के



आरोपों का जवाब देने की तैयारी कर रहा है। बावजूद तेलुगु देशम पार्टी द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर सवाल उठाए जाने से सरकार की चुनौतियां बढ़ी हुई हैं। इधर निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का ऐसा बयान आया है, जिसे सरकार अपनी ढाल बनाने का काम करेगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के प्रयास में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने में आई है। बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं में से महज 6.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अब तक विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फार्म नहीं भरे हैं। हालांकि राहुल गांधी, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव ने इस कवायद पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं, जिन पर संसद में बहस हो सकती है। दरअसल समूचा विपक्ष इसलिए चिंतित है, क्योंकि पहली बार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हुई है। यही वह समय है, जब राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा सरकारें घुसपैठियों को देश से विस्थापित करने के राष्ट्रहितैषी काम में लगी हैं। इस बाबत असम के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने ठीक ही कहा है कि असम जैसे राज्य में घुसपैठिए एक ही धर्म के लोग हैं, जो कांग्रेस समेत गैर भाजपा दलों को वोट करते हैं। इन घुसपैठियों को बाहर कर देने से ये दल हार के खतरे को अनुभव कर रहे हैं। जबकि घुसपैठिए कई राज्यों का जनसांख्यिकी घनत्व बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। सम के सीमावर्ती जिलों अररिया, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिलों की मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों के नाम मिले हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या 15 लाख से अधिक हो सकती है। गृह विभाग ने भी कई जिलों में बांग्लादेशियों की संख्या को लेकर रिपोर्ट पेश की है। इसके अनुसार सीमांचल में अवैध घुसपैठियों के कारण कई जिलों का जनसांख्यिकी गणित पूरी तरह गड़बड़ा गया है। 1951 से 2011 तक देश की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी जहां चार प्रतिशत बढ़ी है, वहीं सीमावर्ती जिलों में यह आंकड़ा करीब 16 प्रतिशत है। सरकारी दस्तावेजों में ये लोग भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। इस कारण उन्हें अनेक केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कारण उनका भारत की जमीन पर रहना आसान हो गया है। अतएव प्रस्तावित विधेयकों की बजाय मतदाता सूची पर ज्यादा हंगामा होना तय है। यदि संसद में राजनीतिक गतिरोध बना रहता है और संसद अखाड़े में तब्दील होती रही तो उन विधेयकों और अधिनियमों पर बारीकी से बहस संभव नहीं है, जो देश की 1.4 करोड़ जनता की भलाई व नियमन के लिए कानून बनने जा रहे हैं? प्रत्येक सांसद का दायित्व बनता है कि वह विधेयकों के प्रारूप का गंभीरता से अध्ययन करे, जिससे यह समझा जा सके कि उसमें शामिल प्रस्ताव देश व जनता के हित से जुड़े हैं अथवा नहीं? लेकिन राज्यसभा और लोकसभा का यह दुर्भाग्य है कि ज्यादातर सांसद अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा करने की बजाय, ऐसे मुद्दों को बेवजह बीच में घसीट लाते हैं, जिनसे उनकी क्षेत्रीय राजनीति चमकती रहे। ऐसी स्थिति सत्तारूढ़ सरकार के लिए लाभदायी होती है, क्योंकि वह बिना किसी बहस-मुबाहिशे के ही ज्यादातर विधेयक पारित करा लेती है। जबकि विपक्ष सार्थक बहस करने की बजाय गाहे-बगाहे सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहकर संसद का समय जाया कर देता है। प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दृष्टि से यह स्थिति देशहित में कतई नहीं है। इस लिहाज से सत्तारूढ़ सरकार और दल का कर्तव्य बनता है कि वह राजनीतिक गतिरोध का समाधान, राजनीतिक तौर-तरीकों से ही निकाले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## बड़ी समस्या

राकेश अचल



# कुत्तों की आवारगी पर बड़ी अदालत का रुख


इंसानों की आवारगी पर आज तक देश का कोई कुत्ता सर्वोच्च न्यायालय नहीं पहुंचा लेकिन इंसान आवारा कुत्तों के मुद्दे पर देश की सबसे बड़ी अदालत तक जा पहुंचा। संवेदनशील माननीय अदालत ने आवारा कुत्तों के बारे में याचिका सुनी भी और कुछ निर्देश भी दिए जो देशभर के कुत्ता विरोधियों के लिए एक सबक है। देश के आवारा कुत्तों की ओर से मैं सर्वोच्च न्यायलय का आभार व्यक्त करता हूँ। मेरी दादी फूलकुंवर देवी निरक्षर थीं लेकिन सांसारिक मुद्दों पर उनका ज्ञान असीमित था। वे आवारा कुत्तों को उसी स्नेह से रोटी खिलाती थीं जितने स्नेह से गाय को। सनातन भारतीयों के लिए आवारा गाय फिर भी पूजनीय है लेकिन आवारा कुत्ता नहीं। दादी आवारा, बेसहारा कुत्तों को 'बिना झोली का फकीर' कहती थीं। कमोवेश यही बात माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कही है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को खाना देने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से ही सवाल पूछ लिए। अदालत ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, "क्या हमें इन बड़े दिल वाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? इन जानवरों के लिए तो पूरी जगह है लेकिन इंसानों के लिए कोई जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।" यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है। इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को परेशान किया जा रहा है और वह पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुसार सड़कों पर रहने वाले कुत्तों को खाना देने में असमर्थ है। पशु जन्म नियंत्रण नियमावली, 2023 का नियम 20 सड़कों पर रहने वाले पशुओं के भोजन से संबंधित है और यह परिसर या उस क्षेत्र में रहने वाले पशुओं के भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का दायित्व स्थानीय 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' या 'अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन' या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि पर डालता है। शीर्ष अदालत ने इस पर कहा, "हम आपको अपने घर में ही एक आश्रय स्थल खोलने का सुझाव देते हैं। गली-मोहल्ले के प्रत्येक कुत्ते को अपने घर में ही खाना दें।" याचिकाकर्ता के वकील ने नियमों के अनुपालन का दावा किया और कहा कि नगर प्राधिकार ग्रेटर नोएडा में तो ऐसे स्थान बना रहा है लेकिन नोएडा में नहीं। ऐसे स्थानों पर भोजन केंद्र बनाए जा सकते हैं जहां लोग अक्सर नहीं आते। पीठ ने इस पर पूछा, "आप सुबह साइकिल चलाने जाते हैं? ऐसा करके देखिए क्या होता है।"

जब वकील ने कहा कि वह सुबह की सैर पर जाते हैं और कई कुत्तों को देखते हैं तो पीठ ने कहा, "सुबह की सैर करने वालों को भी खतरा है। साइकिल सवार और दोपहिया वाहन चालकों को ज़्यादा खतरा है।" इसके बाद पीठ ने इस याचिका को इसी तरह के एक अन्य मामले पर लंबित याचिका के साथ संलग्न कर दिया। इससे पहले उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए नियमों के प्रावधानों को उचित देखभाल और सतर्कता के साथ लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया। न्यायालय ने कहा, "कानून के प्रावधानों के अनुसार गलियों में रहने वाले कुत्तों का संरक्षण आवश्यक है लेकिन साथ ही अधिकारियों को आम आदमी की चिंता को भी ध्यान में रखना होगा ताकि इन आवारा कुत्तों के हमलों से सड़कों पर उनकी आवाजाही बाधित न हो।" 2019 की पशुधन गणना के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 1.53 करोड़ थी, जो 2012 में 1.71 करोड़ थी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है, और यह रेबीज जैसी बीमारियों के प्रसार का प्रमुख कारण भी है। भारत में कुत्तों की आवारगी भले ही एक राष्ट्रीय समस्या है लेकिन ये ही भारतीय कुत्ते को भगवान भैरव की सवारी मानकर उसे पूजते भी हैं। टोटके करने वाले लोगों को काले कुत्ते को रोटी खिलाने की सलाह देते हैं। हमारे समाज में कुत्ते की मौत को सबसे घृणित और निकृष्ट मानकर इसे गाली के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। दुर्भाग्य ये है कि देश में आवारा इंसानों के लिए हवालातें और मर्सी होम्स हैं। आवारा गायों के लिए गोशालाएं हैं लेकिन कुत्तों के लिए कोई माकूल इंतजाम नहीं है। कुत्ते आये दिन इंसानों की क्रूरता और नृशंसता के शिकार होते हैं, वाहनों से कुचले भी जाते हैं। विदेशों में कुत्ते इंसानों की तरह सम्मानित जीवन जीते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
**दर्शन**

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।
राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# अहंकार ही समस्याओं का कारण



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्राय: संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है।

*–रमेश कश्यप, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### 'एक पेड़ मां के नाम'



वन महोत्सव में माननीय न्यायाधीशों की भागीदारी हर किसी को प्रेरित करने वाली है। मुझे विश्वास है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को इससे एक नई गति मिलेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि!



भारत माता के वीर सपूत, अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका बलिदानी और साहसिक जीवन स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा है, जो सदैव हम सभी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### नारी शक्ति मेरी प्रेरणा



मैं स्वयं को दिल्ली की हर उस नारी की प्रतिनिधि मानती हूँ जो निस्वार्थ भाव से अपने घर, समाज और राष्ट्र की नींव को सींच रही है। यही नारी शक्ति मेरी प्रेरणा है, मेरा दायित्व है। उनकी आकांक्षाएँ नीतियों की दिशा तय करती हैं और उनका संघर्ष मेरे संकल्पों को दृढ़ता देता है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### युवाओं को रोजगार



महारोज़गार मेला में उमड़ा जनसैलाब सिर्फ़ भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से युवाओं को पलायन करना पड़ता है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर


# नेपाल के पीएम ओली मध्य सितंबर में भारत आएंगे



नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली सितंबर के मध्य में भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने कहा, प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, यात्रा की तारीख और विस्तृत कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि ओली 16 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बार यह यात्रा संक्षिप्त होगी, संभवत: सिर्फ दो दिन के लिए ही होगी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली पिछले साल जुलाई में, चौथी बार प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को सीपीएन-यूएमएल के नाम से भी जाना जाता है। ओली प्रधानमंत्री पद का संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा के तौर पर भारत आने की बजाय चीन गए थे। उन्होंने पिछले वर्ष दिसंबर में चीन के प्रधानमंत्री ली. कियांग के निमंत्रण पर उक्त देश का दौरा किया था। ओली ने अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान बीजिंग में पीकिंग यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया था तथा राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री कियांग से मुलाकात की थी।

## ऑफ बीट

# तेल व गैस कुओं के पास रहने वालों बच्चों को ल्यूकीमिया



'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' भले ही दुर्लभ होता है लेकिन यह बच्चों में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है। यह अस्थि मज्जा में शुरू होता है और तेजी से बढ़ता है। इन मामलों में लंबे समय तक जीवित रहने की दर 90 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन कई रोगियों को जीवन भर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें हृदय संबंधी समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और दूसरी बार कैंसर होने का अधिक जोखिम शामिल है। अमेरिका में कैंसर की कुल दर 2002 से घट रही है लेकिन बचपन में होने वाले 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति इस बीमारी के केवल इलाज पर ध्यान देने के बजाय रोकथाम की आवश्यकता को और भी अधिक रेखांकित करती है। अध्ययन सामग्री से पता चलता है कि तेल और प्राकृतिक गैस के कुओं से निकलने वाले रसायनों के संपर्क में आने से बच्चों में 'एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकीमिया' होने का खतरा बढ़ जाता है। हम पर्यावरण महामारी विज्ञान के अध्ययनकर्ता हैं, जो कोलोराडो और पेंसिल्वेनिया में तेल और प्राकृतिक गैस विकास कार्यों से जुड़े स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# एक पांव नहीं पर हौसले बुलंद, अरुणिमा ने एवरेस्ट समेत पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी अरुणिमा सिन्हा की कहानी सिर्फ एक पर्वतारोही की विजय गाथा नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, साहस और आत्मविश्वास की ऐसी मिसाल है, जो हमें सिखाती है कि हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं होता। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह किया। आज अरुणिमा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने दुनिया की पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फतह हासिल की और तिरंगा फहराया।

■ दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फतह कर बनीं पहली भारतीय दिव्यांग महिला खिलाड़ी



## लूटपाट की हुई शिकार, खोया एक पैर

अरुणिमा सिन्हा का जन्म 20 जुलाई 1989 को उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के पंडाटोला मोहल्ले में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेल-कूद में गहरी रुचि रही। वह वॉलीबॉल की खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इस प्रतिभा के बल पर पहचान बनाई। हालांकि, अरुणिमा की जिंदगी में एक बहुत ही दर्दनाक मोड़ तब आया, जब अप्रैल 2011 में वह लखनऊ से दिल्ली की यात्रा कर रही थीं। एक सोने की चेन के लिए कुछ बदमाशों ने उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया था। हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे और डॉक्टरों को मजबूरन उनका एक पैर काटना पड़ा। उनकी जगह कृत्रिम पैर लगाया गया। इस दर्दनाक हादसे ने अरुणिमा का हौसला तोड़ने के बजाए उन्हें और मजबूत कर दिया। कुछ ही महीनों में जब उनकी तबीयत में सुधार हुआ, तो उन्होंने एक ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का संकल्प लिया।

## अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर तिरंगा फहराया

सिर्फ दो साल के भीतर, 2013 में अरुणिमा सिन्हा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। वह दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बनीं, जिसने एवरेस्ट फतह किया। इस कठिन यात्रा के दौरान उनके कृत्रिम पैर से खून बहता रहा, वे बार-बार गिरीं, लेकिन हर बार उठीं और आगे बढ़ती रहीं। अरुणिमा का सफर यहीं नहीं रुका. एवरेस्ट के बाद उन्होंने पांच अन्य महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों में शामिल माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट कोजिअस्को (ऑस्ट्रेलिया), माउंट अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका), कार्स्टेन्ज पिरामिड (इंडोनेशिया) और माउंट एल्ब्रुस (यूरोप) पर भी चढ़ाई की। यही नहीं, उन्होंने अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर भी तिरंगा फहराया। अरुणिमा सिन्हा का यह पूरा सफर उनके धैर्य, दृढ़ता और दृढ़ विश्वास की कहानी को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप



### तैराक नटराज ने किया सेमीफाइनल क्वालीफाई

**बर्लिन।** तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाए गए 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भाटिया संयुक्त 34वें और राय संयुक्त 44वें स्थान पर



**पोर्टरश।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने ब्रिटिश ओपन के तीसरे दौर में एक-अंडर 70 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त 34वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया ने सातवें और नौवें होल पर दो बर्डी लगाई लेकिन आखिरी नौ होल में वह दो बोगी कर बैठे। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय शुरुआती दो दौर की लय को बरकरार नहीं रख पाए और पार 71 का कार्ड खेलने के बाद 18 स्थान नीचे खिसक कर संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर आ गए।

### आठ देशों को मिले आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार

**सिंगापुर।** नेपाल और भूटान समेत आठ देशों ने आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2024 में शीर्ष पुरस्कार हासिल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को अपनी सालाना बोर्ड बैठक में यह जानकारी दी। अमेरिका को आईसीसी एसोसिएट सदस्य वर्ष की पुरूष टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला। अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप 2024 में अमेरिकी टीम सुपर आठ चरण तक पहुंची थी। अमेरिका ने कनाडा और पाकिस्तान को हराकर सनसनी फैला दी थी। अमेरिका, नेपाल और भूटान के अलावा इंडोनेशिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, तंजानिया और वानुआतू को भी पुरस्कार मिले।

### मुक्केबाजी: निशांत देव ने इवांस को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के फ्रिस्को में स्थानीय मुक्केबाज लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट आधार पर हराया। 24 वर्ष के निशांत ने सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की, जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाए, जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकंड के बाद मुकाबला रोक दिया।

## मैनचेस्टर टेस्ट में तोड़ सकते हैं 19 साल पुराना रिकॉर्ड, मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे


# गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने से 25 रन दूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट में सिर्फ 25 रन और बनाने होंगे। उन्होंने तीन मैचों में 600 से अधिक रन बना लिए हैं।

### तोड़ सकते हैं युसूफ का रिकार्ड

इंग्लैंड के खिलाफ एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एशियाई बल्लेबाजों के बीच पाकिस्तान के मोहम्मद युसूफ के नाम है। उन्होंने साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 631 रन बनाए थे। वहीं गिल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में तीन मैचों की 6 पारियों में 607 रन बना चुके हैं। उन्हें युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए चौथे टेस्ट मैच में 25 रन और बनाने होंगे। इस सीरीज में अब तक गिल एक दोहरा शतक और दो शतक जड़ चुके हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 269 रन है। अगर वह चौथे टेस्ट में 25 रन बना लेते हैं तो वह मोहम्मद युसूफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।



### जायसवाल का रिकॉर्ड खतरे में

इस मैच में शुभमन गिल के पास कुछ और भी रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। मैनचेस्टर टेस्ट मैच में गिल अगर 146 रन बना लेते हैं तो वह भारत और इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच के नाम है। उन्होंने 1990 में एक सीरीज में 752 रन बनाए थे। गिल इसके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। उनके पास यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ने का मौका है। 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जायसवाल ने 712 रन बनाए थे। गिल को जायसवाल से आगे निकलने के लिए 106 रन और बनाने होंगे। अब इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट मैच में गिल कितने रिकॉर्ड अपने नाम करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

### बुमराह के पास ईशांत को पीछे करने का मौका

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने नाम एक खास रिकॉर्ड बना सकते हैं। वह एक विकेट लेते ही इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे कर लेंगे और खास अर्धशतक लगा देंगे। बुमराह ने अभी तक इंग्लैंड की धरती पर 11 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें 49 विकेट हासिल किए हैं। अगर वह चौथे टेस्ट मैच में तीन विकेट लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वह ईशांत शर्मा को पीछे करके इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। ईशांत ने इंग्लैंड में कुल 51 विकेट हासिल किए हैं। जिस तरह की फॉर्म में बुमराह चल रहे हैं। उससे वह आसानी से ईशांत को पीछे कर सकते हैं। फिर वह टॉप पर होंगे और नंबर-1 का ताज हासिल कर लेंगे।

## अंशुल कम्बोज को किया गया शामिल

# टीम इंडिया में मैनचेस्टर टेस्ट से पहले बदलाव

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर



इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं।

■ आकाश दीप, अर्शदीप के कवर के तौर पर कम्बोज खेलेंगे चौथा टेस्ट

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है, जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बायें हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था,' हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था,' उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं।'

### अंशुल ने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए

*कम्बोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के दस विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956.57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985.86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।*

## बैडमिंटन

# भारत ने हांगकांग को हराया, ग्रुप डी में शीर्ष पर, अब जापान से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶ सोलो (इंडोनेशिया)

भारत ने रविवार को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में हांगकांग चीन को 110-100 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा और ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग दोनों इस मैच से पहले ही नॉक-आउट चरण में अपनी जगह पक्की कर चुके थे। रुजुला रामू ने आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर एक बार फिर भारत को जीत से शुरुआत कराई। इसके बाद भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की दुनिया की छठे नंबर की युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त 22-13 कर दी। हांगकांग के लाम का तो ने 13 अंक बनाकर अपनी टीम को अंतर कम करने में मदद की लेकिन रौनक चौहान भारत को 33 अंक तक ले गए। पांच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच 55-49 के स्कोर से छह अंक का अंतर था। फिर जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने दूसरे बालिका एकल में लियू होई किउ अन्ना पर दबदबा बनाते हुए 66-54 से बढ़त बनाकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिला दी। हालांकि अगले चार मैच बराबरी के रहे, पर भारत ने बढ़त बनाए रखी और ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सोमवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना जापान से होगा। जापान ग्रुप ए में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था, जिसमें उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था।

■ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़िया का बेहतर प्रदर्शन

## सुमित ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में रजत जीता, अनिल ने कांस्य

**बुडापेस्ट।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवान सुमित ने रविवार को यहां यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता मे रजत पदक जीता जबकि अनिल मोर ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भारत के नाम छह पदक हो गये जिसमें तीन स्वर्ण एक रजत और दो कांस्य शामिल है। सुमित ने 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में अजरबैजान के निहात ममादली से 0-5 से हारने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सादिक लालाएव के खिलाफ 9-3 की जीत के साथ शुरुआत की और कोरिया के दाह्युन किम और कजाकिस्तान के गालिम काब्दुनसरोव को पटखनी देकर फाइनल में जगह पक्की की। अनिल को 55 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में एमिन नरीमनोविच सेफर्शाएव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। सेफर्शाएव के फाइनल में पहुंच पर इस वजन वर्ग के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अनिल को रेपेचेज से पदक की दौड़ में वापसी करने का मौका मिला। इस 18 साल के खिलाड़ी ने विश्व के नंबर तीन आर्टियम डेलियनू के खिलाफ 7-0 से प्रभावशाली जीत हासिल की और कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में उन्होंने उज्बेकिस्तान के इकतियोर बोतिरोव (विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज) को हराया। इससे पहले अंतिम पंघाल (53 किग्रा) और हर्षिता (72 किग्रा) ने महिलाओं वर्ग के अपने-अपने वजन श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किये। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सुजीत कल्कल (65 किग्रा) ने स्वर्ण जीता जबकि राहुल (57 किग्रा) ने कांस्य जीता।

## महिला यूरो 2025



**बेसल।** स्विट्जरलैंड के बेसल में सेंट जैकब–पार्क में फ्रांस और जर्मनी के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती जर्मनी की खिलाड़ी।

## स्टार लांग जंपर मुरली ने पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में जीता खिताब

# श्रीशंकर ने लगाई 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्टार लांग जंपर मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूर्नामेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में 7.75 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीत लिया। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7.75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7.69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6.12 और 7.58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7.75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.58 मीटर था, जो श्रीशंकर के 7.69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है। घुटने के आपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिए वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी है, जिसके लिए स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। वह 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में टूर्नामेंट खेलेंगे, जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपए मंजूर किए है।

14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में खेलेंगे टूर्नामेंट



### 8 मीटर का आंकड़ा कर चुके हैं पार

26 वर्षीय मुरली श्रीशंकर ने अपनी छलांग की शुरुआत 7.84 मीटर से की, फिर इसे बेहतर करते हुए 7.99 मीटर तक पहुंचे। इसके बाद 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। लगभग दो साल पहले चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मुरली श्रीशंकर का यह पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन था।

# मेरा साक्षात्कार 21 मार्च 1977 को हुआ था, जिस दिन आपातकाल हटाया गया था : जयशंकर

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



■ बोले-दबाव में बात करना सीखा; उन अधिकारियों से मिला, जो देश के हालात से अनजान थे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को सिविल सेवा में अपने प्रवेश को याद करते हुए कहा कि दिल्ली में उनका यूपीएससी साक्षात्कार 21 मार्च, 1977 को हुआ था - जिस दिन आपातकाल हटाया गया था। जयशंकर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, "(1977) चुनाव के नतीजे एक दिन पहले से आ रहे थे...आपातकालीन शासन की हार का एहसास साफ दिख रहा था। एक तरह से, इसी चीज ने मुझे साक्षात्कार में सफलता दिलाई।"

पुरानी यादों को ताजा करते हुए, उस समय 22 साल के रहे जयशंकर ने कहा कि वे साक्षात्कार से दो महत्वपूर्ण बातें लेकर लौटे - दबाव में संचार का महत्व और यह कि महत्वपूर्ण लोग "एक दायरे से बाहर" नहीं देख रहे थे। सिविल सेवा में प्रवेश पाने वाले नए बैच के लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने यूपीएससी परीक्षा को अग्नि परीक्षा के समान बताया और कहा कि सेवाओं के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के लिए यह दुनिया की एक "बहुत ही अनोखी" परीक्षा प्रणाली है। जयशंकर ने कहा कि असली चुनौती साक्षात्कार है और उन्होंने 48 साल पहले हुए अपने यूपीएससी साक्षात्कार का उदाहरण दिया। अब 70 साल के हो चुके जयशंकर याद करते हैं, "मेरा साक्षात्कार 21 मार्च, 1977 को था। उसी दिन आपातकाल हटा लिया गया था। तो, मैं शाहजहां रोड पर साक्षात्कार के लिए गया... उस सुबह सबसे पहले पहुंचने वाला मैं था।" लगभग एक महीने पहले, मोदी सरकार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की 50 वीं बरसी मनाई थी, जिसके तहत देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, ताकि उस घटना को याद किया जा सके जिसे उसके नेताओं ने भारतीय लोकतंत्र का "काला अध्याय" करार दिया था। देश में 21 महीने का आपातकाल 25 जून 1975 को लगाया गया था और 21 मार्च 1977 को हटा लिया गया था।

# भारत असैन्य परमाणु क्षेत्र में निवेश पर निजी क्षेत्र की चिंताओं का समाधान करेगाः मंत्री

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ देश में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा हे कि भारत असैन्य परमाणु क्षेत्र में निवेश को लेकर वैश्विक स्तर पर निजी क्षेत्र की आशंकाओं का समाधान करेगा। देश में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी निवेश के लिए खोला गया है। परमाणु ऊर्जा विभाग का प्रभार भी संभालने वाले सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को आसान बनाने के लिए प्रासंगिक नियमों और कानूनों में बदलाव करने होंगे, जिन पर इस समय सरकार का कड़ा नियंत्रण है। सिंह ने एक विशेष वीडियो साक्षात्कार में बताया कि आम बजट में इसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है, लेकिन हमें आगे बढ़ने के लिए नियम और संभावित कानून बनाने होंगे, जिसके लिए बहुत विचार-विमर्श और आत्मनिरीक्षण की जरूरत होगी।'' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में अपने बजट भाषण में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुगम बनाने के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम सहित प्रमुख कानूनों में संशोधन करने की घोषणा की थी। इस समय भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल), भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) और एनपीसीआईएल-एनटीपीसी की संयुक्त उद्यम कंपनी अणुशक्ति बिजली निगम लिमिटेड (अश्विनी) देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकती हैं। सिंह ने कहा कि परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में कानूनी बदलावों का मकसद निजी क्षेत्र की चिंताओं का समाधान करना है, जो परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने से हिचकिचा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि बात बस इतनी है कि आपूर्तिकर्ताओं की व्यावसायिक दृष्टि से अपनी आशंकाएं हैं।

# अब अपाचे की एंट्री से थरथर कांपेगा दुश्मन

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** 15 महीने से ज्यादा की देरी के बाद भारतीय सेना को आखिरकार अपाचे एएच-64ई अटैक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिलने वाली है। ये डिलीवरी पश्चिमी सीमा पर सेना की ताकत बढ़ाने और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में एयर स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। डिलीवरी शेड्यूल से वाकिफ सूत्रों के अनुसार, पहले तीन हेलीकॉप्टर 22 जुलाई को भारतीय सेना की एविएशन कोर को सौंपे जाने की संभावना है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि अगले दो दिनों में तीन एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर औपचारिक रूप से भारतीय सेना में शामिल किए जाएंगे।



पहले तीन हेलीकॉप्टर 22 को सेना की एविएशन कोर को सौंपे जाने की संभावना

## खबर संक्षेप

### अद्भुत, निर्विवाद वैश्विक 'सॉफ्ट पावर' बनने की कगार पर भारतः दास

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** एमी पुरस्कार विजेता हास्य कलाकार और अभिनेता वीर दास ने कहा कि भारत एक 'अद्भुत, निर्विवाद' वैश्विक 'सॉफ्ट पावर' बनने की कगार पर है, जिसके 'संरक्षक' मातृभूमि में रहने वाले और प्रवासी भारतीय दोनों हैं। दास ने एशिया सोसाइटी में आयोजित बातचीत के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि प्रवासी संस्कृति की रक्षा करने का काम बखूबी करते हैं।"कॉमेडी फिल्म 'लैंडिंग' के लिए 2023 में सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी इंटरनेशनल एमी पुरस्कार जीतने वाले अभिनेता वीर दास ने कार्यक्रम में दर्शकों की तालियों और ठहाकों के बीच कहा कि उन्हें प्रवासी भारतीयों के बारे में जो चीज 'अच्छी' लगती है वह यह कि भले ही उनका उच्चारण अमेरिकी हो लेकिन 'आप अपनी शादी में 'मेहंदी लगा के रखना' पर नाचते हैं।

### जापान के ऊपरी सदन के चुनाव में गठबंधन के हारने की संभावना

**तोक्यो।** जापान के ऊपरी सदन में रविवार को हुए मतदान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और उनके सत्तारूढ़ गठबंधन की हार की संभावना है। एग्जिट पोल में यह जानकारी दी गई। यदि उनकी हार होती है तो इससे देश में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ सकती है। मतदाता संसद 'डायट' के दोनों सदनों में से कम शक्तिशाली उच्च सदन की 248 सीट में से 124 पर फैसला कर रहे हैं। शुरुआती नतीजे रविवार रात तक आने की उम्मीद है। एग्जिट पोल के आंकड़ें इशिबा ने 125 सीट के साधारण बहुमत का लक्ष्य रखा है ।

### 20 वर्ष से थे कोमा में सऊदी प्रिंस नहीं रहे

**दुबई।** सऊदी अरब के प्रिंस अल वलीद बिन खालिद बिन तलाल अल सऊद का शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले 20 साल से कोमा में थे। उन्हें स्लीपिंग प्रिंस (सोते हुए राजकुमार) के नाम से जाना जाता था। प्रिंस अल वलीद सऊदी अरब के राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य प्रिंस खालिद बिन तलाल के बेटे और अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल के भतीजे थे। उनका जन्म अप्रैल 1990 में हुआ था। साल 2005 में, लंदन में मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान उनका भयानक सड़क हादसा हुआ। इस एक्सीडेंट में उन्हें गंभीर ब्रेन इंजरी और इंटरनल ब्लीडिंग हुई। इसके बाद से वे कोमा में चले गए।

### यूक्रेन का बड़ा हमला 134 फ्लाइट डायवर्ट

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को समेत कई शहरों पर यूक्रेन ने बड़ा हमला बोला है। इसकी वजह से हवाई सेवा बाधित हो गई है। करीब 134 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। यूक्रेन ने मॉस्को पर 19 कामिकेज ड्रोन दागे हैं। इनमें से कुछ ड्रोन ऊंची इमारतों से टकराए हैं। यूक्रेन ने रूस पर कुल 93 कामिकेज ड्रोन से हमले बोले थे। इन हमलों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तिलमिला उठे हैं। अब रूस यूक्रेन पर 2000 ड्रोनों से हमले की तैयारी कर रहा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर रात भर में नौ क्षेत्रों में 93 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 19 मॉस्को ओब्लास्ट क्षेत्र में थे।

## अहमदाबाद विमान हादसे में बड़ा खुलासा, जांच अधिकारी हैरान

# अब विमान के पिछले हिस्से के मलबे में सीमित इलेक्ट्रिकल आग के निशान मिले

*भारत समेत पूरी दुनिया को हिला देने वाले अहमदाबाद विमान हादसे की जांच जारी है। इस हादसे को लेकर जांचकर्ता बारीकी से बोइंग ड्रीमलाइनर के मलबे की जांच कर रहे हैं। अब भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआई) की जांच में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आया है। विमान के पिछले हिस्से के मलबे में सीमित इलेक्ट्रिकल आग के निशान मिले हैं, जिसने जांच की दिशा को इलेक्ट्रिकल सिस्टम की खराबी की ओर मोड़ दिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच में यह भी सामने आया कि दिल्ली से अहमदाबाद आने वाली पिछली उड़ान एआई-423 में पायलट ने एसपीएक्स (स्टेबलाइजर पोजिशन ट्रांसड्यूसर) की खराबी की शिकायत दर्ज की थी। यह सेंसर विमान की पिच को नियंत्रित करता है और फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम को डेटा भेजता है। अहमदाबाद में मेंटेनेंस इंजीनियर ने इसकी जांच के बाद उड़ान को मंजूरी दी थी, लेकिन अब जांचकर्ता इस सेंसर की खराबी को व्यापक इलेक्ट्रिकल सिस्टम की समस्या से जोड़ रहे हैं।

पिछले हिस्से के मलबे में मिले एपीयू, ट्रांसड्यूसर्स और रडर्स को सुरक्षित रखा गया है, ताकि इनका विस्तृत विश्लेषण किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ान के दौरान इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी से सेंसर डेटा में गड़बड़ी हुई होगी, जिससे ईसीयू ने इंजनों को गलत कमांड भेजा रैम एयर टरबाइन तैनात हुआ, जो इलेक्ट्रिकल विफलता के दौरान आपातकालीन शक्ति प्रदान करता है, लेकिन विमान की कम ऊंचाई (625 फीट) से पायलटों को सुरक्षित लैंडिंग का समय नहीं मिला। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल मेस भवन पर गिरा, जहां पीछे का हिस्सा अलग हो गया। इससे जांच में अहम सुराग मिले। जांच में बोइंग, जनरल इलेक्ट्रिक, अमेरिका की एनटीएसबी और ब्रिटेन की सीएए के विशेषज्ञ शामिल हैं।

### इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी

जांचकर्ताओं का मानना है कि इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी ने इंजन कंट्रोल यूनिट को गलत डेटा भेजा, जिसके परिणामस्वरूप ईंधन आपूर्ति रुक गई। विमान के पिछले हिस्से में स्थित ऑक्जिलरी पावर यूनिट बरकरार मिली, लेकिन रियर ब्लैक बॉक्स को व्यापक क्षति पहुंची है, जिससे डेटा निकालना मुश्किल हो गया। हालांकि, फ्रंट ब्लैक बॉक्स से डेटा सफलतापूर्वक प्राप्त हुआ जो जांच के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।



**ब्लैक बॉक्स में मिला ये डेटा :** विमान का पिछला ब्लैक बॉक्स, जिसे आफ्टर एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर कहा जाता है। हॉस्टल की मेस की छत पर मिला था। यह बॉक्स गर्मी से काफी ज्यादा खराब हो गया था, जिसकी वजह से सामान्य तरीकों से इसका डेटा निकालना मुमकिन नहीं हो पाया। जब उसकी मेमोरी कार्ड को खोला गया, तो पता चला कि वह भी बुरी तरह जल चुका था और बहुत नुकसान पहुंचा था।ा जले हुए मलबे में मिला विमान का आगे का ब्लैक बॉक्स काफी हद तक सुरक्षित था। यह हिस्सा भी जल चुका था, लेकिन विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को इससे जरूरी डेटा निकालने में सफलता मिली।

**उड़ान के 26 सेकंड बाद क्या हुआ?**
दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारियों का ध्यान अब विमान के पिछले हिस्से यानी टेल सेक्शन पर है। जांचकर्ताओं का मानना है कि उड़ान भरने के 26 सेकंड के भीतर इस हिस्से में कुछ गड़बड़ी हुई थी, जो एयरपोर्ट से उड़ान भरते वक्त हुई थी। उन्हें लगता है कि यहीं से उन्हें दुर्घटना के अहम सुराग मिल सकते हैं। इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि टेल सेक्शन या एम्पेनेज में सीमित क्षेत्र में बिजली से जुड़ी आग के संकेत मिले हैं।

**एएआईबी का फैसला**

### अनुभवी पायलट संधू जांच में विशेषज्ञ के रूप में शामिल

**मुंबई (भाषा)।** वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने अनुभवी पायलट और एअर इंडिया के पूर्व परिचालन निदेशक कैप्टन आरएस संधू को अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच में विमानन विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संधू, जो एअर इंडिया में बोइंग 787-8 बेड़े के लिए जांचकर्ता भी नामित किए गए थे, ने अब दुर्घटनाग्रस्त हो चुके 787-8 विमान - वीटी एएनबी- की 2013 में डिलीवरी ली थी। बारह जून को, अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एआईआईबी ने पूर्व में इस दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। एएआईबी ने पिछले महीने अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया बोइंग 787-8 विमान हादसे की चल रही जांच में अनुभवी विमानन विशेषज्ञ आरएस संधू को शामिल किया है। एएआईबी ने जांच में संधू से एक विशेषज्ञ के रूप में सेवा देने के लिए संपर्क किया था और उन्होंने इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी।

**उत्तराखंड हेलीकॉप्टर हादसे की जांच**



### 'रोटर ब्लेड' के केबल से टकराने से क्रैश हेलीकॉप्टर

उत्तराखंड में मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि उसका मुख्य रोटर ब्लेड ऊपर से गुजर रही फाइबर केबल से टकराया था जिसके बाद हेलीकॉप्टर पहाड़ी से नीचे गिरकर एक पेड़ से अटक गया था। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो ने बताया कि जांच दल दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने कार्रवाई कर रहा है।

**नागरिक उड्डयन मंत्री बोले**

### अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कीजिए

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि सरकार कोई निष्कर्ष निकालने से पहले दुर्घटना पर अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करेगी। उन्होंने पश्चिमी मीडिया को लताड़ लगाते हुए कहा कि वे अटकलों से बचें और भारत में ब्लैक बॉक्स डेटा को डिकोड करने के लिए विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की सराहना करें। एएआईबी ने विशेष रूप से पश्चिमी मीडिया के लिए एक अपील की है, जो कि वे जिस तरह के लेखों को प्रकाशित करने की कोशिश कर रहे हैं। उसमें निहित स्वार्थ हो सकता है। मैं एएआईबी में भरोसा करता हूं। मुझे विश्वास है कि वे काम कर रहे हैं।''

**कैसे होगी हवाई यात्रियों की सुरक्षा**

### डीजीसीए में तकनीकी पदों की लगभग आधी सीटें खाली

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) में तकनीकी पदों की भारी कमी ने भारतीय विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और दक्षता को लेकर चिंता बढ़ा दी है।डीजीसीए में कुल 1674 स्वीकृत पदों में से 503 ग्रुप-ए तकनीकी पद खाली हैं, जो कुल पदों का लगभग 30 फीसदी है। यह कमी ऐसे समय में सामने आई है, जब जून 2025 में हुए एयर इंडिया फ्लाइट 171 हादसे, जिसमें 260 की मौत हुई थी, के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जांच तेज हो गई है। एक पूर्व नौकरशाह ने बताया, डीजीसीए के तकनीकी अधिकारी सुरक्षा निगरानी, अनुमोदन और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन पदों की कमी न केवल सुरक्षा को प्रभावित करती है, बल्कि नियामक की दक्षता को भी कम करती है। उन्होंने इसे दिल्ली पुलिस से डीसीपी पदों को हटाने के समान बताया, जिससे संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर पड़ता है। डीजीसीए की एक आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार, डीजीसीए में उप-महानिदेशक (डीडीजी) के 6 पद वायुयोग्यता निदेशालय में, 6 ऑपरेशंस में, 2 हवाई सुरक्षा में और 4 अन्य निदेशालयों में खाली हैं। इसके अलावा, संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी) का एक पद भी रिक्त है। टएक पूर्व डीजीसीए अधिकारी ने बताया कि डीडीजी पदों के खाली रहने से अगले स्तर की पदोन्नति भी रुकी हुई है, क्योंकि जेडीजी पद के लिए कम से कम तीन साल का डीडीजी अनुभव अनिवार्य है। संसद की परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा पर बैठक की, जिसमें इन रिक्तियों पर गत 9 जुलाई को चर्चा हुई। समिति ने डीजीसीए की स्टाफिंग समस्याओं और इसके सुरक्षा ऑडिट पर प्रभाव को लेकर चिंता जताई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने माना कि, डीजीसीए में विशेषज्ञों की कमी है, जिसका असर देश के विमानन नियामक की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। विदित हो कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय विमानन क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ ही तकनीकी खामियों और उड़ान रद्द होने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, मोदी सरकार द्वारा उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता न देना चिंताजनक है।

■ तकनीकी खामियों और उड़ान रद्द होने की घटनाएं भी बढ़ी हैं

**शुभांशु ने पोस्ट किया आईएसएस का वीडियो**

# तेज होने के लिए कभी-कभी धीमा होना भी काफी जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस वीडियो में शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर योग करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ शुभांशु ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने के बाद से ही तय समयसीमा में अपने कामों और प्रयोगों को करने में व्यस्त थे।



**छोटी सी गड़बड़ी भी अंतरिक्ष में भारी**

शुरुआत में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि आप सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में चलना सीख रहे होते हैं और स्टेशन के बारे में जान रहे होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने लिखा कि यह वीडियो मिशन के कुछ दिनों बाद का है जब मैं आखिरकार अपनी गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण कर पा रहा था। मैं बस स्थिर रहना चाहता था, कोई भी छोटी सी गड़बड़ी अंतरिक्ष में आपके शरीर को हिला सकती है और पूरी तरह से स्थिर रहने के लिए बेहद कौशल की जरूरत होती है।

**पति की हत्या का भेद चैट से खुला**

# प्रेमी को लिखा, 'इतनी गोलियां दे चुकी, पर कुछ नहीं हुआ'

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका के उत्तम नगर इलाके में एक व्यक्ति की हत्या की साजिश का भंडाफोड़ उसकी पत्नी और उसके प्रेमी के बीच 90 से अधिक इंस्टाग्राम संदेशों से हुआ है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या महिला ने अपने परिवार के सदस्यों और ससुराल वालों से अपनी बातचीत छिपाने के लिए इंस्टाग्राम के गायब होने वाले संदेश फीचर का इस्तेमाल किया था, क्योंकि वह पिछले दो वर्षों से अपने प्रेमी के साथ रिश्ते में थी। करण (36) की कथित तौर पर उसकी पत्नी सुष्मिता और उसके प्रेमी राहुल (जो उसका रिश्ते में देवर लगता है) ने नशीला पदार्थ खिलाकर और बिजली का झटका देकर हत्या कर दी। यह घटना 13 जुलाई को तब सामने आई जब माता रूपरानी मग्गो अस्पताल से पीसीआर को कॉल कर करण की मौत की सूचना दी गई। पुलिस ने कहा कि चैट तक करण के भाई की पहुंच के बाद सुष्मिता और कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**इंडोनेशिया में जहाज में आग**

# जान बचाने को समुद्र में कूदे लोग तीन की मौत, 280 लोग सवार थे

100 लापता, 150 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में रविवार दोपहर केएम बार्सिलोना वीए नाम के यात्री जहाज में तालिसे द्वीप के पास भीषण आग लग गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई।

जहाज में 280 यात्री सवार थे, जिनमें से लगभग 150 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि 100 से ज्यादा लोग लापता हैं, इनकी तलाश जारी है। आग के तेजी से फैलने के कारण अपनी जान बचाने के लिए कई यात्री समुद्र में कूद गए थे।यह तालौद द्वीपों से मनाडो पोर्ट की ओर जा रहा था। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आग दोपहर करीब 1:30 बजे शुरू हुई और तेजी से पूरे जहाज में फैल गई। अभी तक आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी, नौसेना, तटरक्षक बल और स्थानीय मछुआरों ने मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू किया।



**कारणों की जांच होगी**

आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि सभी यात्रियों का पता लगने के बाद इसकी जांच शुरू की जाएगी। यात्रियों के परिजनों से शांत रहने और आधिकारिक अपडेट का इंतजार करने की अपील की गई है।

**लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाए जाने की चल रही प्रक्रिया**

# तैयारीः बिट्रा द्वीप का अधिग्रहण करने जा रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार लक्षद्वीप के 'बिट्रा द्वीप' के अधिग्रहण की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक इस द्वीप का इस्तेमाल रक्षा उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यहां पर रहने वाले लोगों को भी विस्थापित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें लक्षद्वीप के अन्य इलाकों में बसाया जाएगा। वहीं लक्षद्वीप से सांसद हमदुल्ला सईद ने सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। सांसद हमदुल्ला सईद ने बिट्रा के स्थानीय निवासियों को अपना पूरा समर्थन देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव का विरोध करने के लिए वे राजनीतिक और कानूनी रास्ते अपनाएंगे। हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना में राजस्व विभाग को बिट्रा द्वीप के सम्पूर्ण भू-क्षेत्र को अपने अधीन लेने का प्रस्ताव दिया गया है।

भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत मिलेगा मुआवजा

बिट्रा लक्षद्वीप का सबसे छोटा आबादी वाला द्वीप है



**सांसद हामदुल्ला सईद ने किया विरोध**

पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में बताया गया है कि यह कदम द्वीप की रणनीतिक स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इसकी प्रासंगिकता और वहां की नागरिक आबादी से जुड़ी प्रशासनिक व रसद संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर उठाया गया है। क्षेत्रीय प्रशासन 2013 के भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के तहत उचित मुआवजा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए द्वीप का अधिग्रहण करेगा।

**एकतरफा कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ**

उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की भी मांग की। सईद ने बताया कि रक्षा उद्देश्यों के लिए आवश्यक भूमि सरकार द्वारा कई द्वीपों पर पहले ही अधिग्रहित कर ली गई है। दशकों से स्थायी आबादी वाले बिट्रा द्वीप को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इस तरह की कार्रवाई बिना स्थानीय निवासियों से किसी भी प्रकार की बातचीत के की जा रही है, ये पूरी तरह गलत है।

**केन्द्रीय गृह मंत्री का आदेश**

# हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं पर विशेष टीम गठित करें : शाह

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता के मद्देनजर स्थिति का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम के गठन का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि शाह की अध्यक्षता में हाल में हुई एक बैठक में यह बात सामने आई कि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार बारिश की आवृत्ति एवं तीव्रता में वृद्धि हुई है, जिससे राज्य में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि, बुनियादी ढांचे और आजीविका को नुकसान हुआ है। इसमें कहा गया है कि शाह ने स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे और आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञों की एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन का आदेश दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25